# अपराध : मामूली विवाद पर वृद्ध की हत्या
# आक्रोशित लोगों ने कर दिया चक्काजाम

## मोतीनगर थाना क्षेत्र में धर्मश्री की घटना, कचरा फेंकने को लेकर हुआ था विवाद

**जागरण, सागर।** शहर के मोतीनगर क्षेत्र में बेहद मामूली विवाद पर एक वृद्ध की हत्या कर दी गई। घटना से आक्रोशित परिजनों और लोगों ने बुधवार को चक्काजाम कर विरोध जताया और आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की। आरोपी पड़ोस में रहते हैं। पुलिस जांच में जुटी है।

जानकारी के अनुसार यह घटना बीती रात की है। पुलिस ने बताया कि धर्मश्री रोड पर रहने वाले पुरुषोत्तम यादव उम्र 60 वर्ष का पड़ोस में ही रहने वाले नरेंद्र व सुरेंद्र यादव के साथ विवाद हुआ था। यह विवाद कचरा फेंकने को लेकर हुआ। इस कारण दोनों पक्षों के बीच बहस शुरू हो गई। वहीं कथित आरोपियों ने वृद्ध के साथ मारपीट शुरू कर दी और इतना पीटा गया कि वृद्ध बुरी तरह से घायल हो गया। उसे लाठी और डंडों से पीटा गया। लोगों ने किसी तरह बीच-बचाव किया और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। हालांकि अस्पताल में इलाज के दौरान गंभीर रूप से घायल वृद्ध की मौत हो गई। मौत की खबर से



आक्रोशित परिजनों और अन्य लोगों की भीड़ अस्पताल के सामने जमा हो गई। वहीं मोतीनगर पुलिस ने पंचनामा कर शव का पोस्टमार्टम कराया और शव परिजनों को सौंप दिया।

### चार पर एफआईआर

धर्मश्री तिराहा पर चक्काजाम कर रहे लोगों ने पुलिस से आरोपियों की गिरफ्तार की मांग को लेकर जल्द ही कार्यवाही करने की बात कही। मौके पर वरिष्ठ पुलिस अधिकारी पहुंचे जिसके बाद आक्रोशित लोगों ने चक्काजाम समाप्त किया। एडिशनल एसपी लोकेश कुमार ने बताया कि यादव समाज के दो परिवारों में यह विवाद हुआ था जिसमें एक व्यक्ति की जान चली गई है। मामले की जांच की जा रही है। मामले में मोतीनगर थाना प्रभारी ने बताया कि यह पड़ोसियों के बीच विवाद की घटना थी जिसमें मारपीट के कारण बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। हत्या का प्रकरण दर्ज कर चार आरोपियों के खिलाफ एफआईआर की गई है।

## शाहगढ़ : नर्स के हत्यारे पर 10 हजार का इनाम

**जागरण, सागर।** शाहगढ़ में नर्स की गोली मारकर हत्या करने वाला आरोपी वारदात के सात दिन बाद भी पुलिस की गिरफ्त से दूर है। पुलिस सागर से लेकर जबलपुर तक उसकी तलाश में जुटी हुई है लेकिन आरोपी लगातार अपने ठिकाने बदल रहा है। वहीं पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी पर 10 हजार रुपए का इनाम घोषित किया है। पुलिस से जारी सूचना के अनुसार हत्या के मामले में फरार आरोपी सुशील पिता रामसेवक चढ़ार उम्र 28 साल निवासी मुड़िया पनागर जबलपुर फरार है। आरोपी के संबंध में सूचना देने और गिरफ्तार कराने वाले व्यक्ति को 10 हजार रुपए का ईनाम दिया जाएगा। सूचना देने वाली व्यक्ति का नाम गोपनीय रखा जाएगा। आरोपी के संबंध में कोई भी व्यक्ति एसडीओपी बंडा के मोबाइल नंबर 7587635630 और शाहगढ़ थाना प्रभारी के नंबर 7701055712 पर सूचना दे सकता है। बता दें कि नर्स को शाहगढ़ सामुदायिक अस्पताल के गेट पर आरोपी ने दो गोलियां मारी थीं। मृतका दीपशिखा चढ़ार उम्र 26 साल निवासी पाटन जबलपुर करीब दो साल से शाहगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नर्स के पद पर पदस्थ थी। वह अस्पताल से करीब 100 मीटर की दूरी पर किराए का कमरा लेकर रह रही थी। 4 फरवरी की रात नर्स दीपशिखा की ड्यूटी रात 8 बजे से सुबह 8 बजे तक थी। वह ड्यूटी का समय होने पर पैदल रूम से अस्पताल ड्यूटी पर जा रही थी। तभी अस्पताल के गेट के पास पहुंची तो आरोपी ने हाथ पकड़ लिया। उसने छुड़ाया तो धक्का देकर जमीन पर गिरा दिया। इसी दौरान आरोपी ने जेब से कट्टा निकाला और तीन फायर किए। इस घटना के बाद सनसनी फैल गई थी और विरोध स्वरूप दूसरे दिन नगर पूरी तरह बंद रहा था। पुलिस जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार करने का दावा कर रही है।

## भूकंप पूर्व तैयारियों पर कार्यशाला का आयोजन

**जागरण, सागर।** कलेक्टर संदीप जीआर के मार्गदर्शन एवं अपर कलेक्टर अविनाश रावत तथा ज्वाइंट कलेक्टर आरती यादव के निर्देशन में मध्य प्रदेश भूकंप पूर्व तैयारी एवं क्षमता वर्धन कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में किया गया जिसमें पुलिस विभाग उच्च शिक्षा विभाग, एस टीआरएफ सहित 60 से अधिक अधिकारियों ने सहभागिता की। डॉ.पीके कठल पूर्व विभाग अध्यक्ष भूविज्ञान विभाग डॉ.हरीसिंह और विश्वविद्यालय ने कहा कि पुराने समय में सीस्मोग्राफी यंत्र नहीं होते थे तब हमारे पूर्वज मंदिर की छोटी.छोटी घंटियों को एक कतार में लगाकर भूकंप की तीव्रता माप लेते थे। डॉ.शिवानी मीणा सहायक प्राध्यापक ने कहा कि विश्व में हर घंटे में कहीं ना कहीं भूकंप आते रहते हैं लेकिन उनकी तीव्रता में कमी होने के कारण वह नुकसान नहीं पहुंचा पा रहे है। सुरक्षा की तैयारी हमें स्वयं से करना है, इस बात की चिंता किए बगैर किकोई और आएगा। भूकंप से बचाव के लिए हमें समाज को तैयार करना होगा, एमरजैंसी किट, आपातकालीन द्वार तथा चट्टानों की संरचना के आधार पर बिल्डिंग निर्माण का कार्य किया जाना चाहिए। प्रशिक्षण कार्यशाला में स्कूल शिक्षा विभाग उच्च शिक्षा विभाग पुलिस स्वास्थ्य विभाग नगर निगम एवं आर के डीएफ के विभागों ने सहभागिता की। ट्राई काम का संचालन डॉ.अमर कुमार जैन नोडल अधिकारी तथा आभार डॉ.सर्वेश्वर उपाध्याय ने माना।

## न्यूज कार्नर

### संयुक्त संचालक ने किया विद्यालयों का निरीक्षण

**जागरण, सागर।** संभाग कमिश्नर अनिल सुचारी के निर्देश पर संयुक्त संचालक लोक शिक्षण शत्रुंजय प्रताप सिंह विशेन ने दमोह जिले के उच्चतर माध्यमिक एकीकृत विद्यालय कुम्हारी का निरीक्षण किया एवं आवश्यक निर्देश दिए। विद्यालय में अनुपस्थित शिक्षकों के विरुद्ध कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए गए। शत्रुंजय प्रताप सिंह ने बताया कि दमोह के उच्चतर माध्यमिक एकीकृत शाला कुम्हारी का निरीक्षण किया गया जहां माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड की परीक्षाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई एवं विद्यालय में चल रही प्रायोगिक परीक्षा में उपस्थित छात्राओं से परीक्षा के संबंध में संवाद किया गया तथा उनके अध्ययन के संबंध में जानकारी ली गई। प्राचार्य को आवश्यक दस्तावेजों का सही संधारण करने के निर्देश दिए गए एवं प्रतिवेदन प्रस्तुत करने हेतु कहा गया।

### अवैध खनन और परिवहन पर कार्रवाई

**जागरण, सागर।** जिले में अवैध खनन एवं अवैध परिवहन को रोकने के उद्देश्य से कलेक्टर संदीप जीआर के निर्देशानुसार लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में बुधवार को खनिज विभाग द्वारा शाहगढ़ में रेत और गिट्टी के अवैध भंडारण पर कार्रवाई करते हुए दो ट्रैक्टर जब्त किए गए। दोनों ट्रैक्टर थाना शाहगढ़ में खड़े कर दिए गए हैं और प्रकरण कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। जिले में अवैध खनन एवं परिवहन के विरुद्ध इस प्रकार की सख्त कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

### चैक पाइंट पर ट्रक से टकराई बाइक

**जागरण, मालथौन।** नेशनल हाइवे सागर के चैक पॉइंट अटाकर्नेलगढ़ में रविवार देर शाम ट्रक से बाइक टकरा गई। हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। चेक पॉइंट हादसों का पॉइंट बन गया है। आए दिन घटनाएं सामने आ रही हैं।आरटीओ की चैकिंग के दौरान बड़ी लापरवाही के चलते बाइक सवार हादसा का शिकार हो रहा गया।अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच पहुंच गया। घटना स्थल पर मौजूद आरटीओ की कार से आरटीओ कर्मचारी नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे और उसे भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद जहां उसकी गंभीर हालत होने पर 108 एम्बुलेंस से बीएमसी रेफर कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार यूपी के जिला ओरैया से बाइक सवार मुकेश बंशल सागर की और जा रहा था। थाना क्षेत्र के अटा कर्नेलगढ़ स्थित चैक पाइंट से गुजरते निकल रहा था। उसी बीच ट्रक टर्न ले गया बाइक टकरा गई।

### एनएसयूआई ने निकाला शहर में मशाल जुलूस

**जागरण, सागर।** जागो सागर जागो अभियान के अंतर्गत शहर में एनएसयूआई ने मशाल जुलूस निकाला। यह मशाल जुलूस बढ़ती बेरोजगारी, सागर में लगातार बढ़ते अपराध, अफसरशाही में व्याप्त भ्रष्टाचार तथा डॉ.हरीसिंह गौर को भारतरत्न न दिए जाने जैसे ज्वलंत मुद्दों के विरोध में निकाला गया। मशाल जुलूस तीन बत्ती चौराहे से प्रारंभ होकर राधा तिराह। तक शांतिपूर्ण एवं अनुशासित ढंग से संपन्न हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में छात्र, युवा एवं आम नागरिकों ने भाग लेकर अपना आक्रोश प्रकट किया। जिला अध्यक्ष अक्षत कोठारी ने अपने संबोधन में कहा कि यदि शीघ्र ही इन समस्याओं पर ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो आगामी दिनों में उग्र आंदोलन किया जाएगा।

# कर्रापुर नगर परिषद् को मिलेगा पानी



**जागरण, सागर।** संभाग कमिश्नर अनिल सुचारी के प्रयासों एवं संवेदनशील पहल के परिणामस्वरूप नगर पालिका परिषद कर्रापुर को पेयजल योजना हेतु बाबिर मटिया बांध से 2.50 मिघमी वार्षिक जल आवंटन की सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की गई है। इसमें कार्यवाही जारी है।

प्रमुख अभियंता जल संसाधन विभाग की अध्यक्षता में विगत दिनों संपन्न जल आवंटन समिति की 87वीं बैठक के कार्यवाही विवरण की कंडिका 01 में लिए गए निर्णय अनुसार नगर पालिका परिषद कर्रापुर को पेयजल योजना हेतु बण्डा परियोजना के निर्माण कार्य पूर्ण होने के पश्चात बाबिर मटिया बांध में जल उपलब्धता के आधार पर 2.50 मिघमी वार्षिक जल आवंटन की सैद्धांतिक स्वीकृति शर्तों के अधीन प्रदान की गई है।

जिनमें बाबिर मटिया बांध से वार्षिक जल हेतु नगर पालिका परिषद कर्रापुर के प्राधिकृत अधिकारी को कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन संभाग क्रमांक-1 सागर के साथ अनुबंध करना होगा। आवंटित जल की मात्रा 2.50 मिघमी वार्षिक के लिए नगर पालिका परिषद कर्रापुर को शासन द्वारा समय-समय पर लागू की गई जल दर के अनुसार जलकर का नियमित भुगतान समय पर कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन संभाग क्रमांक-1 सागर को करना होगा।

जल के उपयोग हेतु आवश्यक सिविल एवं यांत्रिकीय कार्यों का निर्माण नगर पालिका परिषद कर्रापुर अपने स्वयं के व्यय पर करेगा। ऐसे सिविल एवं यांत्रिकीय निर्माणों के रूपांकन एवं ड्राइंग का पूर्व अनुमोदन संबंधित मुख्य अभियंता से प्राप्त करना आवश्यक होगा। इस निर्णय से स्थानीय निवासियों को पेयजल में राहत मिलेगी।

# सार्वजनिक स्थलों पर मिले युगल तो करा देंगे उनकी शादी

## वेलेंटाइन-डे के विरोध में शिवसैनिकों ने की तैयारियां, चेतावनी जारी कर संदेश

**जागरण, सागर।** शिवसेना ने वैलेंटाइन-डे के विरोध में डंडों में सरसों का तेल पिलाया और पाश्चात्य संस्कृति के इस दिन को लेकर विरोध की तैयारियां शुरू कर दी हैं।

शिवसेना संगठन ने 14 फरवरी को होने जा रहे वैलेंटाइन-डे का विरोध करने की तैयारियां शुरू कर दी हैं। विरोध के पहले क्रम में बुधवार को शिवसैनिकों ने पहलवान बाबा मंदिर पहुंचकर डंडों में सरसों व चमेली का तेल पिलाकर पुजारी पुरोहित संघ अध्यक्ष पंडित शिवप्रसाद तिवारी, आचार्य शुभम शास्त्री, आचार्य डॉ रामचंद शर्मा व अन्य आचार्य पुरोहितों के साथ वैदिक मंत्रोउच्चारण विधि के साथ डंडों का पूजन कर विरोध का उद्घोष किया। पार्क, होटल, धार्मिक स्थलों पर जहां मिलेंगे बिट्टू सोना तोड़ देगें कोना-कोना के पोस्टर चस्पां किए गए। शिवसेना उप राज्य प्रमुख पप्पू तिवारी ने कहा कि वैलेंटाइन-डे हमारे




देश की परंपरा नहीं है लेकिन कुछ विकृत मानसिकता के युवक-युवती पाश्चात्य सभ्यता को अपनाते हुए सार्वजनिक स्थानों पर अश्लीलता फैलाते हैं जिसे शिवसैनिक कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। अगर 14 फरवरी को कोई प्रेमी युगल अश्लीलता करते पकड़ा जाता है तो मौके पर ही उनकी शादी कर दी जाएगी। शिवसेना जिला प्रभारी विकास सिंह ने कहा कि शिवसेना प्रत्येक वर्ष अंग्रेजी सभ्यता के वैलेंटाइन डे के विरोध में सड़को पर उतरती है। इस वर्ष भी हमने प्रेम की आड़ में अश्लीलता फैलाने वालों को सबक सीखने लट्ठों में सरसों का तेल पिलाया है। पंडित पुजारी संघ अध्यक्ष शिवप्रसाद तिवारी ने कहा कि 14 फरवरी को पंडित की एक टीम विवाह की सामग्री के साथ शिवसेना के साथ चलेगी। जहां भी युवक-युवती अश्लीलता करते पकड़े जाते है, उनका मौके पर ही विवाह कर दिया जाएगा। शिवसेना जिला प्रमुख दीपक सिंह लोधी ने होटल, रेस्टोरेंट संचालकों को चेतावनी दी है कि अगर फूहड़तावादी एवं अश्लीलता वाले कार्यक्रम आयोजित किए जाते तो शिवसैनिकों के विरोध का सामना करना पड़ेगा। इस बीच तोड़फोड़ जैसी कोई घटना होती है तो उसके जिम्मेदार स्वयं संचालक होंगे।

इस मौके पर शिवशंकर दुबे, पंकज दुबे, धर्मेंद्र यादव, सचिन जैन, बसंत भदौरिया, महेश साहू, शशांक रावत, अमन ठाकुर, दुष्यंत मिश्रा, संजय साहू, मयंक साहू, सुमित भार्गव, सतीश अवस्थी, संजय सेना, नमन वैद्य, पंकज आठिया, हरि, जसवंत लोधी सहित बड़ी संख्या में शिवसैनिक उपस्थित थे।

# जंगली सूअर का शिकार, चार पर एफआईआर

## वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व क्षेत्र का मामला, वन विभाग ने की त्वरित ढंग से कार्यवाही

**जागरण, सागर।** वन विभाग की कार्रवाई में जंगली जानवर के मांस की जब्ती के साथ चार लोगों पर प्रकरण दर्ज किया गया है। आरोपियों को वन विभाग ने कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

वीरांगना दुर्गावती टाईगर रिजर्व सागर वनमंडल अधिकारी ने बताया कि दिनांक 9.2.2026 को रात्रि लगभग 8.15 बजे मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व सागर के गेम परिक्षेत्र सिंगपुर अंतर्गत राजस्व ग्राम हरदुआ में कृष्णा कुर्मी के खेत पर जंगली जानवर के मांस पका कर खा रहे थे। सूचना मिलते ही वन दल तत्काल मौके पर पहुंचा जहां चार



व्यक्ति पाए गए। चारों व्यक्ति जंगली सुअर का मांस खाते हुए पाए गए। पूछताछ करने पर जंगली सुअर का पका मांस खाने की बात स्वीकार की गई। चारों व्यक्तियों की पहचान सूरज वल्द छोटेलाल रैकवार उम्र 35 वर्ष, सुरेश पिता रुपनारायण रैकवार उम्र 23 वर्ष, सीताराम पिता धरमदास पटेल उम्र 40 वर्ष एवं हरिसिंह पिता दयाली गोड़ उम्र 36 वर्ष के रूप में हुई। सभी निवासी साकिन हरदुआ के विरुद्ध वन अपराध के तहत अवैध शिकार का प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया। उक्त चारों आरोपियों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया जहां चारों आरोपियों के विरुद्ध जेल वारंट जारी कर उन्हें जेल अभिरक्षा में भेज दिया गया।

गौरतलब है कि इससे पहले भी इस तरह की घटनाएं सामने आई थीं। वन विभाग ने तब भी आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही की थी। बहरहाल, अभी भी गश्त जरूरी है।

# त्योहारों को लेकर शांति समिति की बैठक में बनाई रणनीति



**जागरण, मालथौन।** थाना परिसर में आगामी प्रमुख त्यौहारों को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में भिन्न विषयों पर चर्चा कर सुझाव लिए गए और आयोजनों को लेकर रूपरेखा तय करते हुए दिशा-निर्देश जारी किए। 15 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व, इसके बाद रमजान शुरू हो रहे हैं और 3 मार्च को होली का पर्व है। सभी जगह होलिका दहन सबंधी सावधानी से अवगत कराया गया। इसके बाद आनेवाला पर्व ईद है। सभी त्यौहार शांति व सदभाव सौहार्दपूर्ण रूप से मनाया जाए। बैठक में थाना प्रभारी नवीन जैन ने अवगत कराते हुए कहा कि बोर्ड परीक्षाएं शुरू हो चुकी हैं जिसको देखते हुए ध्वनि विस्तारक यंत्रों का निर्धारित समय सीमा और कम ध्वनि वाले मापदंडों का पालन किया जाए। इस बात का ध्यान रखा जाए कि विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित न हो। नगर पंचायत द्वारा साफसफाई और रोशनी की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। पुलिस भी इस दौरान चौकसी रखेगी।

बैठक में तहसीलदार कमलेश सतनामी, नगर पंचायत अध्यक्ष जयंत सिंह बुन्देला, भाजपा मंडल अध्यक्ष अरविंद सिंह लोधी, सुबोध सतभैया, मुंशी रजक, ब्रजेश पांडेय, रामवीर सिंह सिसोदिया, अमित परिहार सहित सभी समाजों के प्रमुखगण मौजूद रहे।

**चिकित्सा** | बीएमसी में जबड़े की हड्डियों के जुड़ाव का सफल ऑपरेशन, बच्चा सुरक्षित

# फाइबर ऑप्टिक तकनीक और ऑपरेशन का कमाल

**जागरण, सागर।** फाइबरऑप्टिक तकनीक और कुशल चिकित्सकीय हाथों का कमाल से बीएमसी में एक बच्चे की जबड़े की हड्डियों के जुड़ाव का सफल ऑपरेशन किया गया है। ऑपरेशन से तीन साल बाद मासूम का मुंह खुला है। बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों ने एक बार फिर अपनी विशेषज्ञता का लोहा मनवाया है। संस्थान के डेंटल और एनेस्थीसिया विभाग की टीम ने 9 साल के एक मासूम बच्चे का सफल ऑपरेशन कर उसे टेम्पोरोमैंडिबुलर जॉइंट एंकायलोसिस जैसी गंभीर स्थिति से निजात दिलाई है। बच्चा पिछले तीन वर्षों से अपना मुंह नहीं खोल पा रहा था। नौ वर्षीय बालक का 3 साल से मुंह बंद था। वह केवल लिक्विड डाइट पर निर्भर था। थ्री-डी सीटी स्कैन में जबड़े की हड्डियों का आपस में जुड़ना पाया गया। ऑपरेशन के तुरंत बाद बच्चा 30 मिमी से अधिक मुंह खोलने में सक्षम हुआ। चूंकि बच्चे का मुंह पूरी तरह बंद थाए इसलिए सामान्य तरीके से बेहोश करना असंभव था। डॉ.शशिबाला के नेतृत्व में एनेस्थीसिया टीम ने नेजल फाइबर-



ऑप्टिक इंट्यूबेशन जैसी विशेष तकनीक का उपयोग कर इस बाधा को पार किया।सर्जरी डॉ.श्वेता भटनागर और उनकी टीम द्वारा अत्यंत सटीकता के साथ की गई। ऑपरेशन के बाद डॉ.सर्वेश जैन की देखरेख में आईसीयू में रखने के बाद बच्चे को वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया है। बीएमसी डीन डॉ.पीएस ठाकुर ने कहा कि ऑपरेशन के तुरंत बाद हमें अपेक्षित परिणाम मिले हैं। अब नियमित फिजियोथेरेपी से बच्चे की स्थिति में और भी बेहतर सुधार होगा।

### सामान्य स्थिति में आएगा मासूम बालक

मीडिया प्रभारी डॉ.सौरभ जैन ने बताया कि इस सफल सर्जरी के बाद अब वह बच्चा तरल आहार की मजबूरी से निकलकर सामान्य भोजन कर सकेगा और स्पष्ट रूप से बोल पाएगा। परिजनों ने मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ सुश्री प्रियंका का आभार व्यक्त किया है। अब जटिल मैक्सिलोफेशियल सर्जरी के लिए मरीजों को बड़े महानगरों की ओर भागने की जरूरत नहीं है। बीएमसी में उपलब्ध यह विशेषज्ञ सुविधा स्थानीय मरीजों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है।

### एसडीओ श्रुतिका का समाज ने किया सम्मान

**जागरण, इटारसी।** नर्मदांचल चौरिया कुर्मी समाज सेवा समिति, जिला नर्मदापुरम ने एक कार्यक्रम आयोजित कर समाज की श्रुतिका चौरे पिता जेएल चौरे का आत्मीय अभिनंदन किया। श्रुतिका चौरे का चयन मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग में किया है। वर्तमान में वे अनुविभागीय अधिकारी के पद पर मुलताई, जिला बैतूल में पदस्थ हैं। उनकी इस उपलब्धि को समाज के लिए प्रेरणादायी मानते हुए समिति द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में श्रुतिका चौरे की छोटी बहन डॉ. मानसी चौरे ने भी सहभागिता की। डॉ. मानसी का चयन भी उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा हुआ है और वर्तमान में वे ललितपुर में पदस्थ हैं।

# मारपीट के आरोपियों को सश्रम कारावास

## सानौधा थाना क्षेत्र में हुई थी घटना, परिवार के साथ आरोपियों ने की थी मारपीट

**जागरण, सागर।** सागर के सानौधा थाना क्षेत्र के मारपीट के मामले में अदालत ने फैसला सुनाया है। कोर्ट ने आरोपियों को छह-छह माह के सश्रम कारावास के साथ जुर्माना की सजा सुनाई है।

प्रकरण की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश प्रशांत कुमार सक्सेना की कोर्ट में हुई। न्यायालय ने सुनवाई करते हुए मारपीट के आरोपी मीनाबाई कुर्मी, मुकेश कुर्मी और रितिक उर्फ हरिओम कुर्मी को 6-6 माह के सश्रम कारावास और जुर्माने की सजा सुनाई है। शासन की ओर से मामले में पैरवी अपर लोक अभियोजक दीपक कुमार जैन ने की।

अभियोजन के अनुसार घायल गौरीशंकर ने थाना सानौधा में आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया कि 7 दिसंबर 2023 को यह घटना उनके साथ हुई थी। आरोपी मीनाबाई आकर उसे और उसके परिवार को पुरानी बुराई को लेकर गालियां देने लगी। मां ने गालियां देने से मना किया तो मीना कुर्मी ने पत्थर से सीतारानी के साथ मारपीट की। मीना कुर्मी का बेटा रितिक डंडा लेकर आया। जिसने उसके साथ मारपीट। मीना का पति मुकेश भी डंडा लेकर आया और उसके साथ मारपीट की। जिससे उसे चोटें आईं। पिता हल्ले कुर्मी बीचबचाव करने आए तो मुकेश ने उनके सिर में डंडा मार दिया।


मारपीट में घायल माता-पिता को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से उन्हें इलाक के लिए हमीदिया भोपाल रेफर किया गया। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया। इसमें तमाम तरह के साक्ष्य जुटाए गए संबंधितों के कथन लिए गए। जांच पूरी होने पर पुलिस ने कोर्ट में चालान पेश किया। न्यायालय ने सुनवाई शुरू की। सुनवाई के दौरान अभियोजन ने मामले से जुड़े साक्ष्य व दस्तावेज कोर्ट में पेश किए। कोर्ट ने सुनवाई करते हुए साक्ष्यों के आधार पर आरोपी मीनाबाई, मुकेश और रितिक को 6-6 माह के कारावास और 2-2 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है।

### महाशिवरात्रि पर होगा प्रसादी का वितरण

**जागरण, सागर।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर सतनाम वेलफेयर सोसाइटी अध्यक्ष जनसेवक मनी सिंह गुरोन द्वारा भगवान शिव का अभिषेक पूजन कर प्रसाद वितरण किया जाएगा मनी सिंह ने सभी भक्तों से अधिक से अधिक संख्या में प्रसाद वितरण कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है। उन्होंने अपने निवास के अंदर ही शिवालय की स्थापना कराई है। भगवान शिव में अटूट श्रद्धा के चलते हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी शिवरात्रि के शुभ अवसर पर यह आयोजन किया जाएगा। वहीं शहर में शिवालयों में महाशिवरात्रि पर्व के लिए तैयारियों का दौर चल रहा है। शहर में कटरा बाजार के मुख्य मार्ग पर आकर्षक विद्युत साजसज्जा की गई है। वहीं शिव मंदिरों में भी इस पर्व पर भक्तों के लिए दर्शन की सहज व्यवस्था की जा रही है।

## न्यूज कार्नर

### आचार्य मथुरा प्रसाद शुक्ल पहुंचे अजबधाम



**हटा।** अतिरुद्र यज्ञ के प्रमुख आचार्य मथुरा प्रसाद शुक्ल नित्यप्रति यज्ञ की आरती से निवृत होकर अजब धाम के देव रामकुमार मंदिर पहुंचे उनका अजबधाम देव रामकुमार मंदिर आगमन पर संत परंपरा के अनुरूप स्वागत किया गया। देव रामकुमार मंदिर के महंत रामनुग्रह दास छोटे सरकार ने उन्हें शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मथुरा प्रसाद शुक्ल ने अजबधाम मंदिर परिसर की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि यहां की धार्मिक परंपराएं और अनुशासन संत समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उन्होंने मंदिर से जुड़े संस्कृत विद्यालय के संचालन की भी प्रशंसा की और कहा कि ऐसे विद्यालय भारतीय संस्कृति, संस्कार और वेद.विद्या के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। महंत रामनुग्रह दास छोटे सरकार ने कहा कि संतों और विद्वान आचार्यों का मार्गदर्शन ही धार्मिक आयोजनों और संस्कृत शिक्षा को नई दिशा देता है।

### श्रीमद्भागवत कथा के मूल पाठ से गूंजा नगर

हटा। नगर में इन दिनों धर्म, भक्ति और वैदिक परंपराओं का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। देव गौरीशंकर मंदिर परिसर में आयोजित अतिरुद्र यज्ञ और श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिवस वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहा। वेद मंत्रोंए शंखनाद और हर-हर महादेव के जयघोष के बीच श्रद्धालुओं की आस्था अपने चरम पर दिखाई दी। श्रीमद्भागवत कथा का मूल पाठ आचार्य वीरेंद्र शास्त्री द्वारा विधिवत वाचन किया जा रहा है। विशेष बात यह है कि नगर के नौ प्राचीन मंदिरों में प्रतिष्ठित देवताओं की साक्षी में 16 यजमान श्रद्धाभाव से श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण कर रहे हैं। मूल पाठ के श्लोकों के उच्चारण से पूरे नगर में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हो रहा है। देव गौरीशंकर मंदिर में चल रहे अतिरुद्र यज्ञ में 25 कुंडों में वैदिक विधि से आहुतियां दी जा रही हैं। यज्ञाचार्य शुक्ल के निर्देशन में यज्ञ का छठवां दिवस अनुशासन के साथ संपन्न हुआ।

**नर्स की मारपीट से पीड़ित युवक ने कर ली आत्महत्या**

# अस्थियां लेकर आए ग्रामीणों ने न्याय की मांग को लेकर किया प्रदर्शन





**जागरण दमोह।** दमोह जिले के रनेह निवासी महेंद्र लोधी की आत्महत्या के बाद बुधवार को उनके परिजन ने सैकड़ों ग्रामीणों के साथ कलेक्ट्रेट का घेराव किया। परिजन महेंद्र की अस्थियां लेकर पैदल कलेक्ट्रेट पहुंचे और न्याय की मांग की। भीड़ और हंगामे की आशंका को देखते हुए प्रशासन ने मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया था लेकिन आक्रोशित भीड़ जबरन कलेक्टर परिसर में घुस गई और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने मांग की देर तक प्रदर्शन किया।

मामला पिछले साल जून महीने का है। जब महेंद्र लोधी और रनेह स्वास्थ्य केंद्र की नर्स नीलम यादव के बीच विवाद हुआ था। महेंद्र का आरोप था कि नर्स ने उनकी गर्भवती पत्नी का इलाज नहीं किया और विरोध करने पर उनके साथ मारपीट की गई और उल्टा उसके खिलाफ छेड़छाड़ काआरोप लगाकर रिपोर्ट दर्ज करा दी।

### जांच के बाद विभाग ने की थी कार्रवाई

घटना के बाद स्वास्थ्य विभाग ने जांच कराई और नर्स नीलम यादव को रनेह से हटाकर दूसरी जगह भेज दिया। साथ ही उनकी एक साल की वेतन वृद्धि इंक्रीमेंट भी रोक दी गई थी। फिलहाल यह पूरा मामला कोर्ट में चल रहा है।इसी बीच 5 फरवरी को महेंद्र सिंह लोधी ने पन्ना जिले के सिमरिया में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

परिजन और सोशल मीडिया पर यह दावा किया जा रहा है कि महेंद्र नर्स द्वारा उससे सार्वजनिक रूप से की गई मारपीट एवं अपने ऊपर दर्ज केस और प्रशासन की अधूरी कार्रवाई से परेशान थे, जिसके कारण उन्होंने यह कदम उठाया। अंतिम संस्कार के बाद अब परिजन अस्थियां लेकर विरोध जताने एवं आवश्यक कार्रवाई की मांग करते हुए मुआवजे की भी मांग कर रहे हैं।

घटना 9 जून को रनेह उप स्वास्थ्य केंद्र की है। इसका वीडियो वायरल हो रहा है। नर्स ने युवक के खिलाफ छेड़छाड़ की शिकायत की थी। जिसके बाद रविवार को ओबीसी महासभा के सैकड़ों लोगों ने रनेह थाने का घेराव कर नर्स के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई थी।

## भक्ति, संगीत और नारी शक्ति का दिव्य संगम, नोहलेश्वर महोत्सव बना ऐतिहासिक



**जागरण दमोह।** संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी के मार्गदर्शन एवं महोत्सव संयोजक सत्येंद्र सिंह के कुशल नेतृत्व में आयोजित नोहलेश्वर महोत्सव का चतुर्थ दिवस भक्तिए संस्कृति और जनआस्था का भव्य उत्सव बनकर उभरा। नोहटा स्थित नोहलेश्वर धाम में आयोजित सांस्कृतिक संध्या ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। प्रसिद्ध भजन गायक बाली ठाकरे जी एवं रिजा खान द्वारा प्रस्तुत सुमधुर भजनों ने संपूर्ण मंदिर परिसर को शिवभक्ति, रामभक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत कर दिया। हर-हर महादेव और बोल बम के जयघोष से वातावरण गुंजायमान हो उठा। भजनों में भक्ति के साथ सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक चेतना का सुंदर संदेश देखने को मिला। इससे पूर्व स्थानीय कलाकारों ने भी अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं भगवान गणेश के विधिवत पूजन-अर्चन के साथ हुआ।

राज्यमंत्री लोधी ने कहा नोहलेश्वर महोत्सव हमारी सनातन संस्कृति, आस्था और परंपराओं को जीवंत रखने का सशक्त माध्यम है। ऐसे आयोजन न केवल धार्मिक चेतना को मजबूत करते हैं बल्कि स्थानीय संस्कृति, पर्यटन और रोजगार को भी बढ़ावा देते हैं। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सरकार सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और जनभागीदारी को निरंतर प्रोत्साहित कर रही है। मुख्य अतिथि बरगी विधानसभा क्षेत्र के विधायक नीरज सिंह ने कहा नोहलेश्वर महोत्सव केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं बल्कि क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान है। यह महोत्सव समाज को जोड़ने, नई पीढ़ी को अपनी परंपराओं से जोड़ने और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करने का कार्य कर रहा है। आयोजकों ने इसे जन-जन का उत्सव बनाने में सराहनीय भूमिका निभाई है।

### अतिथियों ने किया महोत्सव परिसर का भ्रमण

इस गरिमामयी अवसर पर बरगी विधानसभा क्षेत्र के विधायक नीरज सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, आयोजन समिति के सदस्य एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक मंचासीन रहे। राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी एवं विधायक नीरज सिंह ने महोत्सव परिसर का भ्रमण कर तीरंदाजी, मौत का कुआं सहित विभिन्न सांस्कृतिक एवं मनोरंजन स्टॉलों का अवलोकन कर उनका आनंद लिया। अतिथियों का आयोजन समिति द्वारा पारंपरिक स्वागत-सम्मान किया गया। महोत्सव संयोजक सत्येंद्र सिंह ने कहा समाजसेवा ही हमारा उद्देश्य है और मातृशक्ति समाज की वास्तविक रीढ़ है। महिलाओं का सम्मानए सुरक्षा और स्वावलंबन ही किसी भी सशक्त समाज की पहचान है। नोहलेश्वर महोत्सव के माध्यम से हम भक्ति, संस्कृति और नारी सशक्तिकरण को एक मंच पर लाने का प्रयास कर रहे हैं। नोहलेश्वर महोत्सव 2026 भक्ति, संगीत, संस्कृति और नारी सशक्तिकरण का अनुपम संगम बनकर सामने आया जिसने श्रद्धालुओं और सहभागियों के मन में आस्था, उल्लास और प्रेरणा की अमिट छाप छोड़ी।

### जेल में रहने के समय का करें सदुपयोग: सोलंकी

**दमोह।** प्रिंसिपल जिला न्यायाधीश-अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह सुभाष सोलंकी के मार्गदर्शन में जिला जेल दमोह में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रिंसिपल जिला न्यायाधीश सुभाष सोलंकी, जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया, जेल अधीक्षक एमएल पटैल, जेल स्टाफ तथा बंदीगण उपस्थित रहे। प्रिसिपल जिला न्यायाधीश सुभाष सोलंकी ने बंदियों को उनके अधिकार के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा समय का सदुपयोग व्यक्ति को व्यवस्थित जीवन जीने के लिये आवश्यक है। हमें दृढ़ प्रतिज्ञा लेनी चाहिये कि हम समय का दुरूपयोग नहीं करेंगे तथा जेल से निकलने के उपरांत किसी भी प्रकार का नशा नहीं करेंगे। आपने बंदियों को प्राप्त संपर्क, मुलाकात, धर्मपालन, उपचार, पढ़ने-लिखने के अधिकार के संबंध में जानकारी देते हुए बंदियों को शारीरिक तथा मानसिक रूप से स्वस्थ रहने हेतु नियमित रूप से प्राणायाम, ध्यान तथा योग का अभ्यास किये जाने प्रेरित किया। जिला विधिक सहायता अधिकारी ने बंदियों को निःशुल्क विधिक सहायता योजना की जानकारी देते हुए कहा जेल में निरूद्ध बंदी को शासकीय व्यय पर निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराया जाता है, इसके लिये जिला मुख्यालय में लीगल एड डिफेंस काउंसिल की नियुक्ति की गई है जो पूर्ण रूप से विधिक सहायता प्रकरणों की पैरवी हेतु नियुक्त किये गये हैं।

## टक्कर मारकर कट्टे की नोक पर व्यापारी से 7 लाख की लूट



**जागरण दमोह।** सागर रोड पर देहात थाना क्षेत्र के परसौरिया गांव के पास मंगलवार रात एक इलेक्ट्रॉनिक व्यापारी से 7 लाख रुपए की लूट हो गई। तीन अज्ञात बाइक सवार बदमाशों ने कट्टा अड़ाकर इस वारदात को अंजाम दिया। घायल व्यापारी को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। दमोह में किसान भवन के सामने दुकान चलाने वाले व्यापारी राजा सिंधी उर्फ राजकुमार नागदेव गढ़ाकोटा में पैसों की वसूली के लिए गए थे। उनका माल गढ़ाकोटा की कई दुकानों पर सप्लाई होता है। वसूली के बाद मंगलवार रात वे वापस लौट रहे थे। गढ़ाकोटा से कुछ ही दूरी पर परसोरिया गांव के समीप एक बाइक पर आए तीन बदमाशों ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर से व्यापारी नीचे गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद, आरोपियों ने कट्टा अड़ाकर उनसे 7 लाख रुपए से भरा बैग छीन लिया और मौके से फरार हो गए। व्यापारी ने तत्काल अपने परिजनों और अन्य व्यापारियों को घटना की सूचना दी। डायल 112 मौके पर पहुंची और घायल व्यापारी को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। सागर नाका चौकी पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

## खर्राघाट से रेत का अवैध उत्खनन कर परिवहन करते ट्रैक्टर जब्त

**जागरण दमोह।** कलेक्टर द्वारा दिए गए निर्देशों के तहत खनिज विभाग द्वारा खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण के रोकथाम की कारवाई लगातार जारी हैं। इस सबंध में खनिज अधिकारी दमोह ने बताया दमोह तहसील अन्तर्गत ग्राम इमलिया के बयारमा नदी अन्तर्गत खर्राघाट से रेत का अवैध उत्खनन कर परिवहन करते हुए वाहन जब्त कर पुलिस चौकी इमलिया मे खड़ा किया गया। इसके अलावा एक अन्य ट्रेक्टर द्वारा रेत का अवैध परिवहन पाए जाने पर इमलिया मे जप्त कर पुलिस चौकी इमलिया मे खड़ा किया गया है। उन्होंने कहा उक्त दोनो प्रकरण में गौण खनिज नियमों के तहत कारवाई प्रस्तावित की जायेगी।

### बाजार से लौट रहे युवक की मौत



**बीना जागरण।** भतीजे के जन्मदिन के लिये बाजार से कपड़े लेकर लौट रहे एक युवक की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी अनुसार भगवानदास यादव आयु 23 वर्ष पिता बाबूलाल यादव निवासी जागेश्वरी कॉलोनी के भतीजे का बुधवार को जन्मदिन होने के कारण जन्मदिन की तैयारियां पूरे घर में बड़े ही जोर शोर से चल रही थीं। जन्मदिन को धूमधाम से मनाने एवं भतीजे के लिये कपड़े खरीदने के लिये मंगलवार की शाम 7 बजे वह अपने साले राजा यादव आयु 18 वर्ष पिता राजेश यादव एवं अंकित अहिरवार के साथ बाजार मोटरसाईकिल से गया था। वापिस आते समय रेल्वे वायपास ओवरब्रिज पर उसकी मोटरसाईकिल का एक्सीडेंट हो गया। एक्सीडेंट होने के बाद मौके पर ही भगवानदास की मौत हो गई वहीं राजा एवं अंकित अहिरवार को गंभीर चोट आने के बाद जिला चिकित्सालय रेफर किया गया है। इसके अलावा अंकित अहिरवार को गंभीर हालत में सागर रेफर किया है। मृतक के साले का सिविल अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना जीआरपी क्षेत्र की होने के कारण अस्पताल का मेमो मिलने के बाद जीआरपी ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## जेपी पॉवर प्लांट के प्रदूषण के खिलाफ हिन्नौद के ग्रामीणों का अनिश्चितकालीन धरना

**एस प्वाइंट से उड़ती राख और कोयला डस्ट से बढ़ी परेशानी, ग्रीन बेल्ट निर्माण व संचालन बंद करने की मांग**



**बीना जागरण।** ग्राम हिन्नोद के ग्रामीणों ने जेपी पावर प्लांट के एस प्वाइंट से हो रहे कथित वायु प्रदूषण के विरोध में बुधवार को अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। इससे पूर्व शनिवार को ग्राम सरपंच के नेतृत्व में ग्रामीणों ने अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर समस्या के शीघ्र निराकरण की मांग की थी। समाधान नहीं होने पर ग्रामीणों ने आंदोलन का रास्ता अपनाया। धरने के दौरान प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि जेपी पावर प्लांट द्वारा एस प्वाइंट एरिया में राख एकत्रित की जा रही है, जिसे हिन्नोद के समीप स्थित एक तालाब में डंप किया गया है। हवा चलने पर यही राख पूरे गांव में फैल जाती है, जिससे लोगों को सांस लेने, भोजन करने और दैनिक कार्यों में दिक्कत हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि बच्चों और बुजुर्गों में आंखों में जलन, गले में खराश और खांसी जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं। किसानों ने बताया कि खेतों में काम के लिए जाते समय ट्रैक्टर और दोपहिया वाहन चलाने में राख आंखों में चुभती है, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। पशुपालकों ने आरोप लगाया कि प्रदूषित तालाब में जाने से मवेशी बीमार हो रहे हैं और कुछ पशुओं की मृत्यु भी हो चुकी है। ग्रामीणों ने कंपनी पर पर्यावरणीय नियमों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए कहा कि प्लांट शुरू होने से पहले ढाई लाख पौधे लगाए जाने का दावा किया गया था, जबकि मौके पर लगभग 20 हजार पौधे ही दिखाई देते हैं। उन्होंने एस प्वाइंट के आसपास 50 मीटर चौड़े ग्रीन बेल्ट के निर्माण और गांव से न्यूनतम एक किलोमीटर की दूरी सुनिश्चित करने की मांग की है। जौध खमखेड़ी क्षेत्र के ग्रामीणों ने भी बैंगटर प्लांट से भारी मात्रा में निकलने वाले कोयला डस्ट पर आपत्ति जताई। उनका कहना है कि कोल क्रेशर से उड़ने वाला महीन कोयला आसपास की कृषि भूमि पर जम जाता है, जिससे फसलों की पैदावार प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि प्लांट से निकलने वाला अपशिष्ट नालियों के माध्यम से बेतवा नदी में पहुंच रहा है, जिससे नदी का पानी प्रदूषित हो रहा है। उन्होंने एस परिवहन के लिए खुली गाड़ियों के स्थान पर बंद वाहनों का उपयोग अनिवार्य करने की मांग की। साथ ही मजदूरों को मास्क व अन्य सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराने की भी बात कही। धरना स्थल पर ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि जब तक एस प्वाइंट का संचालन बंद नहीं किया जाता और प्रदूषण नियंत्रण के ठोस उपाय नहीं किए जाते, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। प्रशासन ने स्थिति पर नजर बनाए रखने और उचित जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है। धरना प्रदर्शन करने वालों में राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ जिला उपाध्यक्ष जितेन्द्र ठाकुर, सरपंच मानक, उप सरपंच अजय साहू, सुरेन्द्रसिंह, जगन्नाथसिंह, पहलवानसिंह, जगदीश, किशोर सहित कई ग्रामवासी शामिल हैं।

## भारी डंपरों से बेलई-मलिया मार्ग बदहाल ग्रामीणों ने जनसुनवाई में की शिकायत



**बीना जागरण।** ग्राम बेलई से मलिया तक मुख्यमंत्री सड़क योजना के तहत वर्ष 2012-13 में लगभग 53 लाख रुपये की लागत से निर्मित दो किलोमीटर पहुंच मार्ग भारी वाहनों की आवाजाही से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में ग्रामीणों ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बीना को शिकायती आवेदन सौंपकर तत्काल कार्रवाई की मांग की।

ग्रामीणों ने बताया कि आगासौद रेलवे स्टेशन के पास तीसरी रेल लाइन बिछाने का कार्य चल रहा है। ठेकेदारों द्वारा गिट्टी परिवहन के लिए 35 से 40 टन क्षमता वाले हाईवा व डंपर इसी मनरेगा सड़क से निकाले जा रहे हैं। इससे सड़क जगह-जगह धंस गई है और आरईएस द्वारा बनाई गई पाइप पुलियाएं भी टूटकर क्षतिग्रस्त हो गई हैं। आवेदन में बताया गया है कि मलिया हरिजन बाहुल्य गांव है जहां स्कूल नहीं होने से बच्चे बेलई पढ़ने इसी मार्ग से जाते हैं। किसान भी खेती-बाड़ी के लिए इसी रास्ते का उपयोग करते हैं। सड़क खराब होने से आवागमन में भारी परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने भारी वाहनों पर तत्काल रोक, क्षतिग्रस्त सड़क व पुलिया की मरम्मत तथा संबंधित ठेकेदार के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। चेतावनी दी गई है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो किसान आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

### अनियंत्रित होकर ई-रिक्शा गिरा चालक की मौत

**बीना जागरण।** खिमलासा रोड पर मंगलवार सुबह 8 बजे एक ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर 10 फीट ऊंची पुलिया से नीचे गिर गया। इस हादसे में रिक्शा चालक की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर मर्ग कायम कर लिया है। पुलिस ने बताया कि मालासुनेटी निवासी सोमनाथ प्रजापति गांव से सुबह 8.30 बजे खिमलासा की ओर आ रहा था। खिमलासा से करीब 1 किमी. पहले खड़िया नाला पर बनी पुलिया से नीचे गिर गया। ऊंचाई से गिरने के कारण रिक्शा चालक के सिर में गंभीर चोट आई। सूचना मिलने पर डायल 112 के स्टाफ गौरव मीणा ने उसे इलाज के लिए सिविल अस्पताल पहुंचाया, लेकिन थोड़ी देर में घायल की मौत हो गई। पुलिस ने पीएम कराकर मर्ग कायम कर जांच की है।

## भानगढ़ थाने में शांति समिति की बैठक में सौहार्दपूर्ण ढंग से त्यौहार मनाने की अपील



**बीना जागरण।** आगामी रमजान, होली एवं महाशिवरात्रि पर्व को ध्यान में रखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशन में भानगढ़ थाने में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में थाना प्रभारी हरि सिंह तोमर, एएसआई जगमोहन, एएसआई कमलेश सिंह धुर्वे, प्रधान आरक्षक खलक सिंह एवं आरक्षक योगेश शर्मा सहित नगर के गणमान्य नागरिक, धर्मगुरु, व्यापारी प्रतिनिधि एवं विभिन्न समाजों के प्रमुख लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक की शुरुआत आपसी सौहार्द और भाईचारे के संदेश के साथ की गई। थाना प्रभारी हरि सिंह तोमर ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा क्षेत्र हमेशा से आपसी भाईचारे और सद्भाव के लिए जाना जाता रहा है। त्योहार खुशियों और एकता का प्रतीक हैं, इसलिए सभी नागरिक आपसी सहयोग और समझदारी के साथ इन्हें मनाएं। किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रामक संदेश पर ध्यान न दें और ऐसी सूचना तुरंत पुलिस को दें। उन्होंने आगे कहा कि त्योहारों के दौरान जुलूस, नमाज, पूजा-अर्चना एवं अन्य धार्मिक कार्यक्रमों के समय यातायात व्यवस्था, ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग एवं कानून व्यवस्था के नियमों का पालन अनिवार्य रूप से किया जाए। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस द्वारा विशेष गश्त और संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त बल की तैनाती की जाएगी। बैठक में उपस्थित गणमान्य नागरिकों ने भी अपने सुझाव रखे और पुलिस प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। व्यापारियों ने बाजार क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरों की निगरानी बढ़ाने तथा स्वयं सेवकों की टीम बनाने का प्रस्ताव रखा, जिस पर थाना प्रभारी ने सकारात्मक सहमति जताई। अंत में सभी उपस्थितजनों ने सामूहिक रूप से क्षेत्र में शांति, सौहार्द और आपसी सद्भाव बनाए रखने का संकल्प लिया। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी, जबकि शांति बनाए रखने वालों को हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा।

### पड़रिया रेलवे गेट स्थाई रूप से बंद

**बीना जागरण।** बीना-कुरवाई कैथोरा सेक्शन में स्थित पड़रिया रेलवे गेट क्रमांक 305 को रेलवे प्रशासन द्वारा स्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। गेट के बंद होने के साथ ही यहां पदस्थ गेटमैन को भी हटा दिया गया है। रेलवे ने मंगलवार को प्रशासन एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों को पत्र के माध्यम से इसकी सूचना दी। पत्र में उल्लेख किया गया है कि रेलवे यातायात को अधिक सुगम और सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से किमी नंबर 370/12-14 के बीच स्थित पड़रिया रेलवे गेट को स्थायी रूप से बंद किया गया है।

### सार्वजनिक रास्ता बंद करने की कलेक्टर से शिकायत

**बीना जागरण।** ग्राम रूसल्ला शेख निवासी धीरज सिंह लोधी आयु 47 वर्ष ने गांव के ही तीन लोगों पर शासकीय रास्ता अवरुद्ध कर उनकी कृषि भूमि तक पहुंच बाधित करने का आरोप लगाया है। इस संबंध में उन्होंने कलेक्टर सागर से शिकायत कर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। आवेदक के अनुसार उनकी भूमि खसरा नंबर 95 और 96 रकबा 0.91 हेक्टेयर ग्राम रूसल्ला शेख में स्थित है। भूमि से सटे शासकीय खसरा नंबर 173 का रास्ता ही उनके खेत तक पहुंचने का एकमात्र मार्ग है। आरोप है कि लाखन, गुमान एवं गब्बर लोधी द्वारा उक्त रास्ते पर कब्जा कर आवागमन रोक दिया गया है। धीरज लोधी ने बताया कि पूर्व में भी रास्ता बंद करने को लेकर विवाद हुआ था, जो समझौते के बाद समाप्त हुआ। हाल ही में पुनः रास्ता अवरुद्ध कर दिया गया। 181 हेल्पलाइन, तहसीलदार एवं एसडीएम को शिकायत के बावजूद ठोस कार्रवाई नहीं होने का आरोप लगाया गया है। रास्ता बंद होने से बुवाई, सिंचाई सहित कृषि कार्य प्रभावित हो रहे हैं और आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। आवेदक ने कलेक्टर से हस्तक्षेप कर मार्ग खुलवाने एवं जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग की है।

## कार्यकर्ताओं ने मनाई पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि, श्रद्धांजलि दी



**बीना जागरण।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक एवं एकात्म मानववाद के प्रणेता पं.दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर भाजपा नगर मंडल द्वारा दीनदयाल पार्क में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने उनके विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। नगर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र उपाध्याय ने एकात्म मानव दर्शन की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए कार्यकर्ताओं से राष्ट्रहित एवं मानव सेवा के लिए समर्पित भाव से कार्य करने का आह्वान किया। जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती उषा राय ने सेवा भाव को संगठन की शक्ति बताया। पूर्व विधायक धरमू राय ने कहा कि दीनदयाल उपाध्याय का त्यागमय जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। मुख्य कार्यक्रम के साथ नगर एवं ग्रामीण मंडल के विभिन्न शक्ति केंद्रों और बूथों पर भी पुण्यतिथि मनाई गई। इस दौरान विजय हुरकट, ज्योति दुबे, मनोज शर्मा, नीतू राय, संजीव बोथ, श्रीमति सोनाली राय, अजय ठाकुर, गौरीशंकर राय, राकेश सेन, प्रीति नायक आदि ने पं.दीनदयाल उपाध्याय के जीवन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर नगरपालिका उपाध्यक्ष रमाकांत बिलगैयां, राजाबाबू यादव, आलेख राय, नंदकिशोर चौधरी, अंकित पंथी, कृष्णा कुशवाहा, पंचम विश्वकर्मा, विवेक राजपूत, रोशन रजक, आनंद राजपूत सहित कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन नगर महामंत्री आलेख राय ने किया।

## न्यूज कार्नर

### फर्जी रसीदों से वाहनों से हो रही थी वसूली, दो पकड़े

**जागरण,छतरपुर ।** शहर में वाहन स्टेण्ड के नाम पर वसूली करने वाले गिरोह के सदस्य सक्रिय हैं। यह नगरपालिका के नाम पर फर्जी रसीदों से वाहन चालकों से वसूली करते हैं। बुधवार को पन्ना नाके पर वेयर हाउस के पास ट्रकों से वसूली करते हुए दो लोगों को नगरपालिका के उडऩदस्ता दल ने रंगे हाथों पकड़ लिया। अब उन पर एफआईआर दर्ज कराने की कार्यवाही की जा रही है। यह लोग बिना किसी वैध ठेके के वाहनों से 200 रूपये वसूल रहे थे। जिन लोगों को वसूली करते हुए पकड़ा गया है उनमें राजेश नायक और अनुज अवस्थी शामिल हैं। पता चला है कि यह पिछले कई माहों से वसूली कर रहे थे। और नगरपालिका के नाम पर फर्जी रसीदें छपवाकर वाहन चालकों को पकड़ा रहे थे। नगरपालिका के संजेश नायक ने दोनों को पकड़कर सिविल लाइन पुलिस के हवाले किया है। सिविल लाइन थाना प्रभारी सतीश सिंह ने बताया कि नगरपालिका के द्वारा लिखित आवेदन दिया जा रहा है और उसी के आधार पर आरोपियों पर मामला दर्ज किया जायेगा।

### दो गुम बालिकाएं यूपी व हरियाणा से दस्तयाब


**जागरण,छतरपुर।** पुलिस द्वारा ऑपरेशन मुस्कान के तहत जिले के समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत गुम/अपहृत हुए बालक बालिकाओं एवं गुम हुए व्यक्तियों की तलाश कर दस्तयाबी की जाकर परिजनों को सुरक्षित सुपुर्द किया जा रहा है। साथ ही अन्य राज्यों एवं जिलों के व्यक्ति, बालक, बालिकाएं एवं मानसिक विक्षिप्त, घायल जो गुम होकर छतरपुर जिले में मिलते हैं, संबंधित थाना पुलिस से संपर्क कर सुरक्षित परिजनों तक पहुंचाया जा रहा है। मेला, बाजार, धार्मिक स्थल सहित अन्य स्थानों से गुम हुए शिशु, बालक, बालिकाएं एवं अन्य की दस्तयाबी की जा रही है। 1 जनवरी 2026 से अभी तक में गुम हुए 30 बालक बालिकाएं नोएडा,आगरा, मथुरा, वृंदावन, बांदा उत्तर प्रदेश तथा पुणे महाराष्ट्र सहित विभिन्न जिलों से दस्तयाब की गई हैं। थाना महाराजपुर में माह अक्टूबर एवं माह दिसंबर वर्ष 2025 में 2 गुम बालिका संबंधी रिपोर्ट पर भारतीय न्याय संहिता के तहत प्रथक प्रथक अपराध दर्ज किया गया था।

### बजट के अभाव मे हुआ था वेतन में बिलंब : बीईओ

**जागरण, गंजबासौदा।** विकासखंड शिक्षाधिकारी परता अहिरवार ने कहा है कि प्राथमिक शिक्षकों का वेतन बजट के अभाव में इस बार शिक्षको को नही मिल पाया था अब सभी शिक्षको को वेतन का भुगतान कर दिया गया है शिक्षकों का हम हमेशा बेतन समय से भुगतान करते है। शासकीय शिक्षक संगठन के प्रांतीय उपाध्यक्ष पृथ्वी सिंह रघुवंशी ने कहा कि हमारे विकासखंड में जबसे बीईओ श्री परता बने है, तबसे हमेशा 1 तारीख को बेतन भुगतान हो रहा है इसके लिए हम उनके आभारी है कभी कभार छोड दे तो हमे कभी बेतन मिलने मे बिलंब नही हुआ क्षेत्र के प्राथमिक शिक्षकों ने विकासखंड शिक्षाधिकारी की कार्यप्रणाली की प्रसंशा करते हुए आभार ब्यक्त किया है। जिनमें अमरसिंह तोमर, संजीव रघुवंशी, विनोद श्रीवास्तव, लम्पूराम अहिरवार, अरूण रघुवंशी, रामबाबू, अरूण पाण्डे, संजय अहिरवार आदि शिक्षक शामिल है।

### किरण ओसवाल का निधन, दी श्रद्धांजलि

**जागरण, गंजबासौदा।** अंबेडकर चौक निवासी स्व. ताराचंद ओसवाल की धर्मपत्नी एवं समाजसेवी डॉ. विमलचंद ओसवाल की भाभी, शिखरचंद, धर्मचंद व ज्ञानचंद ओसवाल की पूज्य माताजी श्रीमती किरणबाई ओसवाल का मंगलवार 96 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे धार्मिक प्रवृत्ति की महिला थीं। उनके निधन से ओसवाल परिवार सहित समाज



में शोक की लहर दौड़ गई। स्व. श्रीमती ओसवाल का जीवन सेवा, संस्कार और श्रद्धा से परिपूर्ण रहा। वे नियमित रूप से पूजा-पाठ, जप-तप एवं धार्मिक अनुष्ठानों में संलग्न रहती थीं। उनके स्नेह, अनुशासन और संस्कारों से परिवार की कई पीढ़ियाँ संस्कारित हुईं। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। मंगलवार को अंबेडकर चौक निज निवास से शाम 5 बजे उनकी अंतिम यात्रा पाराशरी विश्राम घाट के लिए निकाली गई। अंतिम यात्रा में विधायक हरि सिंह रघुवंशी एवं जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि देवेंद्र रघुवंशी सहित अनेक जनप्रतिनिधि, पत्रकार सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में सर्व समाज के नागरिक शामिल हुए। सभी ने श्रद्धांजलि अर्पित कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। शोक संतप्त परिवार में, कमलकुमार, अनिलकुमार, राजीव, संजय ओसवाल, पौत्र अमित (सोनू), अंकुर, आशीष (मोनू), अंकित तथा प्रपौत्र पलाश और अभीष सहित समस्त परिजन शामिल रहे।

---

### प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर फेंके पत्थर तो हुई एफआईआर

# प्रदर्शनकारियों को तितर बितर करने कड़ाके की ठंड में आधी रात की गई पानी की बौछार

**जागरण, छतरपुर।** जिले के बिजावर कस्बे में आम आदमी पार्टी के अमित भटनागर की गिरफ्तारी के विरोध को लेकर मंगलवार को पूरे दिन आदिवासी समाज की महिलाओं ने तहसील के सामने धरना प्रदर्शन किया। रात तक पुलिस धरना प्रदर्शन खत्म होने का इंतजार करती रही लेकिन प्रदर्शन कारी अपनी मांग अमित भटनागर की रिहाई पर अड़े रहें। आधी रात को एडीशनल एसपी आदित्य पटले बिजावर पहुंचे जहां उन्होंने प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया लेकिन प्रशासन पर शासन का इतना अधिक दबाव था कि किसी भी तरह रात को ही प्रदर्शन खत्म किया जाए जब प्रदर्शनकारियों ने बात नहीं मानी और अमित भटनागर की रिहाई के लिए अड़े रहे तो पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को तितर बितर करने के लिए आधी रात को कड़ाके की ठड़ी में पानी की बौछार की जिससे प्रदर्शनकारी अपना आपा खो बैठे और महिलाओं ने पत्थर फैकना शुरू कर दिया। रात 1 बजे जब पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प हुई और प्रदर्शनकारी नहीं



हटे तो पुलिस ने बल प्रयोग करते हुए डण्डा भाजे जिस कारण रात को प्रदर्शनकारी भाग खड़े हुए। और स्थिति तनावपूर्ण हो गई जिससे प्रशासन को अतिरिक्त बल बुलाना पड़ा तब कहीं स्थिति नियंत्रण में हुई।

**एसडीएम ने कहा नियम विरूद्ध मुआवजे की मांग को लेकर हो रहा था प्रदर्शन**

केन-बेतवा लिंक परियोजना से संबंधित नियमविरुद्ध मुआवजे की मांग को लेकर विगत मंगलवार को बिजावर में हुए प्रदर्शन एवं घटनाक्रम के संबंध में एसडीएम बिजावर विजय द्विवेदी ने विस्तृत जानकारी दी। एसडीएम ने बताया कि कुछ लोगों द्वारा आमजन को भड़काने का प्रयास किया जा रहा है, जबकि शासन द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार पात्र हितग्राहियों को लाभ प्रदान किया जा चुका है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि कोई पात्र व्यक्ति छूट गया है तो उसका सर्वे कर विस्तृत जांच की जाएगी और नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रदर्शन के दौरान कुछ प्रदर्शनकारी बारातियों से भी उलझ गए तथा मार्ग अवरुद्ध कर आमजन को परेशान किया गया। आम नागरिकों की सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत प्रशासन द्वारा वॉटर केनन का उपयोग किया गया। एसडीएम ने बताया कि अमित भटनागर द्वारा बिना पूर्व अनुमति धरना आयोजित किया गया था तथा लोगों को उकसाकर शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न की गई। इस कारण पुलिस द्वारा विधिसम्मत कार्रवाई करते हुए उन्हें गिरफ्तार किया गया। सक्षम न्यायालय द्वारा जमानत प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए थे, किंतु संबंधित पक्ष द्वारा जमानत प्रस्तुत नहीं की गई, जिसके पश्चात उन्हें जेल में निरुद्ध किया गया। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया कि नियमविरुद्ध मांगों को स्वीकार नहीं किया जा सकता, परंतु सभी जायज मांगों एवं शासन द्वारा निर्धारित सहायता प्रदान करने के लिए प्रशासन पूर्णतः तत्पर है। अधिकारियों द्वारा संवेदनशीलता के साथ लोगों को समझाइश भी दी गई है।

---

## बकायादारों के विरुद्ध बिल वसूली की बड़ी कार्यवाही



**जागरण,पलेरा।** विद्युत विभाग पलेरा द्वारा बकायादारों के विरुद्ध बिल वसूली को लेकर मार्च के पहले मुहिम छेड़ दिया गया है। आज पलेरा वितरण केन्द्र के ग्राम बेला, करौला एवं आलमपुरा के अलग अलग बकायादारों की छन्न अंतर्गत मध्य प्रदेश भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 147, 148 एवं 149 के तहत चल संपत्तियों (1 नग ट्रैक्टर, 2 नग मोटर साइकिल) की जब्ती कर कुर्की की कार्यवाही की गई। विद्युत वितरण केंद्र पलेरा क्षेत्र में लंबे समय से विजली बिल जमा नहीं करने वाले उपभोक्ताओं पर विद्युत विभाग द्वारा निरंतर कुर्की की कार्यवाही की जा रही है। दिनांक 11/02/2026 को लगातार कई बकायादारों पर कुर्की की कार्रवाई में विद्युत विभाग के सहायक अभियंता लक्ष्मण प्रसाद कुशवाहा ने अपनी टीम के साथ लंबे समय से बिजली बिल जमा नहीं करने वाले बकायदारों के यहाँ कुर्की की कार्यवाही की गई। सहायक अभियंता लक्ष्मण प्रसाद कुशवाहा जी ने बताया कि बकायादार बेटीबाई कुशवाहा निवासी आलमपुरा बकाया राशि 11341, मोहन तनय रामलाल कुशवाहा ग्राम करोला बकाया 11635 रूपये एवं दीने कुशवाहा निवासी बेला की बकाया राशि 111021 रुपए पर ट्रैक्टर जब्त किया ! फरवरी के माह में राजस्व वसूली हेतु लंबे समय से बिजली विल जमा नहीं कर रहे बकायदारों के यहाँ पूरे माह कुर्की की कार्यवाही की जाएंगी। बिजली बिल बकायेदारों के बैंक खाते को सीजकर एवं अन्य कार्यवाही भी की जाएगी उन्होंने कहा कि इस प्रकार की कार्यवाही से बचने हेतु विजली उपभोक्ता अपना विजली विल जमा करवा दें।

उक्त कार्यवाही में लाइनमैन रतिराम अहिरवार, जनक सिंह कुशवाहा, आउटसोर्स कर्मचारी भागीरथ अहिरवार, दयाराम विश्वकर्मा, गौस मुहम्मद, अरविंद सूत्रकार, कमलेश सोनी, गौरव सेन, बहादुर पाल, आकाश पाल, लक्ष्मी चौरसिया, दिनेश अहिरवार, अवधेश अहिरवार,अंकुर खरे, विक्रम सिंह, धनीराम कुशवाहा, अनिल सूत्रकार की अहम भूमिका रही।

---

## बागेश्वर धाम बन गया सामाजिक परिवर्तन का प्रमुख केंद्रः राज्यपाल आचार्य

**जागरण,छतरपुर।** बागेश्वर धाम में बुंदेलखंड का महाकुंभ अपने चरमोत्कर्ष पर है। बुधवार को मलूक पीठाधीश्वर पूज्य राजेंद्र दास महाराज, असम के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य सहित अन्य विशिष्ट अतिथियों एवं संतों ने अपनी हाजिरी लगाई बालाजी के दर्शन करने के पश्चात सभी ने मंच से लाखों श्रद्धालुओं को आशीर्वाद दिया और कन्या विवाह महोत्सव की शुभकामनाएं देते हुए सभी बेटियों को वैवाहिक जीवन की बधाई दी। मलूक पीठाधीश्वर राजेंद्र दास देवाचार्य महाराज ने कहा कि जिस तरह से स्वामी विवेकानंद जी ने पूरे विश्व में सनातन की पताका फहराई थी। इसी तरह युवा संत के रूप में बागेश्वर महाराज सनातन का कार्य कर रहे हैं। बागेश्वर महाराज को उनके कार्यों के साथ युगों युगों तक याद किए जाएंगे। असम के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने कहा कि बागेश्वर धाम में 301 बेटियों का कार्य अत्यंत पवित्र और पुण्य तथा महिमामय है। परमार्थ के कार्य के लिए ही साधु वेश में भगवान धरती पर आते हैं। उन्होंने कहा कि बागेश्वर महाराज किसी बेटी के माता-पिता, किसी के अभिभावक और किसी के संरक्षक बनाकर कार्य कर रहे हैं। मानवीय करुणा और सांस्कृतिक मूल्यों की वजह से उन्हें दुनिया में याद किया जा रहा है। उन्होंने कहा की बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के साथ-साथ बागेश्वर धाम से बेटी को सजाओ का संदेश दिया जा रहा है। महामहिम राज्यपाल ने कहा कि बागेश्वर धाम अब सामाजिक परिवर्तन का केंद्र बन गया है। संतो के साथ महामहिम राज्यपाल ने गौशाला जाकर गौ दर्शन और गौ पूजन किया। इस अवसर पर गंगा दास महाराज, हनुमान गढ़ी के महंत राजू दास महाराज, सनातन के कट्टर समर्थक फैज खान, हास्य कवि अजय अटपटु सहित अन्य संत उपस्थित रहे।

**समाज की निधि समाज को समर्पितः बागेश्वर महाराज**

बागेश्वर धाम पीठाधीश पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने सभी संतो, अतिथियों का स्वागत करते हुए अपनी वाणी से कहा कि समाज के माध्यम से जो धनराशि प्राप्त होती है एवं मंदिर में जो भी चढ़ोतरी आती है वह गरीब बेटियों के विवाह में लगाई जाती है। समाज से प्राप्त होने वाली निधि को समाज को ही समर्पित किया जाता है। उन्होंने कहा कि सभी मंदिरों से इस तरह का संदेश जाएगा तो कोई भी पिता अपनी बेटी को बोझ नहीं समझेगा। उन्होंने कहा कि महात्मा जिनकी बाह पकड़ लेते हैं भगवान उनका कभी साथ नहीं छोड़ते।

---

## पारिवारिक विवाद में चाचा-चाची सहित चार पर केस दर्ज

**जागरण,टीकमगढ़।** देहात थाना क्षेत्र की भगत नगर कॉलोनी में एक युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पारिवारिक विवाद के चलते युवक के चाचा, चाची और उनके दो बेटों ने उस पर लाठी और कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। घटना बुधवार सुबह करीब 8 बजे की है।सिर में गंभीर चोटें आईं टना में युवक के सिर में गंभीर चोट आई है, जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित रॉकी अहिरवार ने बताया कि बुधवार सुबह करीब 8 बजे वह अपनी मां ममता अहिरवार के साथ खेत पर जा रहा था। तभी घर के बाहर रोशन अहिरवार, विशाल अहिरवार, हरिश्चंद अहिरवार और



मीरा अहिरवार ने उन्हें रोका रॉकी के अनुसार, आरोपियों ने पुरानी बुराई को लेकर मां और बहन को गालियां देना शुरू कर दिया। जब उसने गालियां देने से मना किया, तो विशाल अहिरवार ने उसके सिर में कुल्हाड़ी मार दी। इसके बाद रोशन अहिरवार ने डंडे से हमला किया। बीच-बचाव करने आईं मां ममता अहिरवार को भी मीरा अहिरवार ने लाठी से मारा, जिससे उन्हें भी चोटें आईं।पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज। इसी दौरान रॉकी के पिता तस्वीर अहिरवार मौके पर पहुंचे और उन्होंने बीच-बचाव कर मामले को शांत कराया। पीड़ित युवक की शिकायत पर देहात थाना पुलिस ने रोशन अहिरवार, हरिश्चंद अहिरवार, मीरा अहिरवार और विशाल अहिरवार के खिलाफ मारपीट की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

---

### पुलिस ने चार आरोपियों को किया गिरफ्तार

# युवक की हत्या, परिजनों ने लगाया जयस्तंभ चौराहा पर चक्काजाम

**जागरण, गंजबासौदा।**

शहर थाना क्षेत्र का वार्ड क्रमांक एक रामनगर में बीती रात्रि पांच बदमाशों ने मिलकर एक युवक की चाकू मार कर निर्मम हत्या कर दी घटना के बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल रहा और सुरक्षा दृष्टि को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने ग्यारसपुर हैदरगढ़ गुलाबगंज क्षेत्र से भी अतिरिक्त बल को शहर में बुला लिया था। युवक की हत्या के बाद बुधवार को मृतक के परिजनों ने जयस्तंभ चौराहे पर शव रख कर चक्काजाम प्रदर्शन करते हुए आरोपितों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने की मांग की ओर सभी दोषियों को फांसी की सजा दिलाए जाने की मांग की है। पुलिस ने परियों को समझाइस दी ओर 1 घंटे तक प्रदर्शन के बाद परिजनों ने अपना विरोध बंद किया। बताया जा रहा है कि पुरानी रंजिश को लेकर शराब के नशे में यह विवाद हुआ है और मृतक को चाकू भी उन्होंने नशे की हालत में मारे हैं। अब शहर में इस तरह विवाद होने के कारण आमजन खुद की सुरक्षा को लेकर



असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। शहर में बढ़ते नशे के प्रभाव के कारण लगातार इस तरह की घटनाएं बढ़ रही है।

**4 वर्ष पहले भी हुआ था विवाद**

पुलिस ने इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है जिसमें रघु उर्फ राघवेंद्र राजपूत उम्र 33 वर्ष, रमन दांगी, आयुष दांगी और एक अन्य आरोपित को भी पकडा है। पुलिस पूछताछ में बताया गया है कि आरोपित युवकों का करीब 4 वर्ष पहले हर्ष शर्मा के साथ पुराना विवाद था जो बीती रात्रि फिर से हुआ, मंगलवार की देर रात बरेठ रोड चटपटा ढाबा पर इनका विवाद शुरू हुआ इसके बाद दोनों पक्ष वहां से चले गए थे रात्रि 11 के आसपास बैहलोट बायपास मार्ग पर यह फिर से आमने-सामने हो गए। मृतक गौरव यादव हर्ष शर्मा के साथ गया हुआ था मृतक का आरोपितों से पहले का कोई भी विवाद नहीं था। पुलिस ने फरियादी हर्ष शर्मा की शिकायत पर आरोपितों के खिलाफ बीएस की धारा 296 (बी), 115(2), 118(1),151(3), 109(1), 3(5) के तहत मामला दर्ज किया है।

**परिजनों की मांग आरोपितों को मिले फांसी**

24 वर्षीय युवक की चाकू मारकर की गई हत्या के विरोध में बुधवार को मृतक के परिजन और यादव समाज द्वारा उग्र प्रदर्शन किया गया जिसे पुलिस के कार्य प्रणाली पर भी सवाल उठाए परिजनों का कहना है कि आरोपियों को फांसी की सजा दी जाए।

वही प्रदर्शन करने वालों की मांग यह है कि नगर के कई क्षेत्र ऐसे हैं जो संवेदनशील है वहां पर नशे के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाया जाए।

---

## किसानों की मांगों को लेकर भाकिसं ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन




**जागरण, गंजबासौदा।**

भारतीय किसान संघ ने किसानों के हित में मंगलवार को अपनी विभिन्न मांगों को लेकर एसडीएम नितिन जैन को ज्ञापन सौंपा। किसानों ने ज्ञापन के माध्यम से फसल नुकसान की राहत राशि शीघ्र देने एवं फसल बीमा शीघ्र प्रदान करने की अपील की है। मंगलवार को सेंकड़ों की संख्या में किसान लटेरी पहुंचे। क्षेत्र के अनेक गाँवों से पहुंचे किसान नगर के सिरोंज चौराह पर एकत्रित हुए। तत्पश्चात रैली के रूप में सैकड़ो किसान तहसील प्रांगण पहुंचे। किसान रैली में ढपले बजाए जा रहे थे जो सरकार को जगाने का कार्य कर रहे थे साथ ही सरकार की वादा खिलाफ़ी के नारे लगाए जा रहे थे। जिसमें मुख्य रूप से वादा किया है वादा निभाओ, 2700 में गेहूं तुलाओ की बात की जा रही थी। किसानों ने समर्थन मूल्य पर अनाज की खरीद 2700 रुपए प्रति क्विंटल की दर से करने की भी मांग रखी। साथ ही लटेरी क्षेत्र के किसानों के लिए बड़े बांधों से नहर की सुविधा उपलब्ध कराने तथा खेतों तक पहुंचने के लिए पक्की सड़कों का निर्माण कराने की मांग भी ज्ञापन में शामिल रही। किसान संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि यदि किसानों की समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो भविष्य में आंदोलन करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। ज्ञापन के दौरान सेंकड़ों की संख्या में किसान मौजूद रहे ज्ञापन भारतीय किसान संघ के नेतृत्व में दिया गया है। इस अवसर पर किसान संघ के प्रांत संगठन मंत्री भरत पटेल, मध्य भारत प्रांत प्रांत मंत्री दिनेश दुबे, जिलाध्यक्ष प्रशांत जैन, तहसील प्रभारी मनोहर सिंह राजपूत, जिला युवा वाहिनी संयोजक चरण सिंह राजपूत, जिला सहजैविक प्रमुख लखन सिंह,तहसील अध्यक्ष चंद्रभान सिंह बघेल मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

---

## तीन करोड़ से बनने वाली दो प्रमुख सड़कों का भूमिपूजन संपन्न

**जागरण, गंजबासौदा।**

ग्राम नौघई में आज विकास कार्यों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। नौघई से टपरा सागर तक प्रधानमंत्री जन-मन योजना के अंतर्गत लगभग दो करोड़ रुपये की लागत से निर्मित होने वाली सड़क का विधिवत भूमिपूजन किया गया। इसके साथ ही नौघई में मुख्य मार्ग से हायर सेकेंडरी स्कूल तक विधायक विशेष निधि से स्वीकृत लगभग एक करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली सड़क का भी भूमिपूजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही। भूमिपूजन के बाद ग्रामीणों में हर्ष का वातावरण देखा गया। विधायक हरि सिंह रघुवंशी ने कहा कि इन सड़कों के निर्माण से जहां ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। वहीं विद्यार्थियों को स्कूल पहुंचने में भी काफी राहत मिलेगी। साथ ही क्षेत्र में व्यापारिक गतिविधियों और सामाजिक संपर्क को भी बढ़ावा मिलेगा। ग्रामीणों ने इस पहल को क्षेत्र के विकास की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया।

**आज कार्यकर्ताओं का वादा पूरा**

विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने जो ग्रामीणों से वादा किया था। वह आज पूरा हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरगामी सोच को उजागर करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री जन-मन योजना का उद्देश्य देश के दूरस्थ और ग्रामीण अंचलों तक बुनियादी सुविधाएं पहुंचाना है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार अंत्योदय की भावना के साथ कार्य कर रही है, ताकि



अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचे। केंद्र और प्रदेश सरकार मिलकर डबल इंजन की ताकत से गांव-गांव में सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार कर रही हैं। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा की नीति सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास पर आधारित है। हम केवल घोषणाएं नहीं, बल्कि धरातल पर परिणाम देने में विश्वास रखते हैं। नौघई में बनने वाली ये सड़कें क्षेत्र के समग्र विकास में मील का पत्थर साबित होंगी। हमारी प्रतिबद्धता है कि हर गांव को मजबूत आधारभूत संरचना और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। कार्यक्रम के अंत में ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री डॉ मनमोहन यादव और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान सहित विधायक हरि सिंह रघुवंशी का आभार व्यक्त करते हुए विकास कार्यों के प्रति समर्थन जताया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता कैलाश रघुवंशी,विधायक प्रतिनिधि देवेन्द्र सिंह रघुवंशी, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती गायत्री रघुवंशी, जनपद सदस्य श्रीमती ज्योति रघुवंशी, सरपंच श्रीमती अनीता रघुवंशी , ग्रामीण मंडल अध्यक्ष लाखन सिंह , एवं ग्रामीण जन उपस्थित थे।

---

## जनपद क्षेत्र के लिए 45 लाख से बने अजीविका मिशन प्रशिक्षण केंद्र का हुआ लोकार्पण

**जागरण, सिरोंज।**

लटेरी रोड पर शनि मंदिर के पास 45 लाख रुपये की लागत से निर्मित मप्र दीनदयाल अंत्योदय ग्रामीण आजीविका मिशन सामुदायिक प्रशिक्षण केंद्र का लोकार्पण एवं 40 लाख रुपये की लागत से शहर के वार्ड क्रमांक 21 में विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण विधायक उमाकांत शर्मा द्वारा किया गया। करीब 45 लाख की लागत से बनकर तैयार हुए आजीविका मिशन के इस प्रशिक्षण केंद्र के नवीन भवन को पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की 58 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर लोकार्पित करते हुए आजीविका मिशन समूह की महिलाओं को समर्पित करते हुए विधायक ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री और प्रदेश के मुख्यमंत्री के नेतृत्व में महिलाएं स्वरोजगार सहित सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ रही हैं। यह भाजपा सरकार है जिसमें महिलाओं को 50 प्रतिशत तक आरक्षण दिया जा रहा है। लाड़ली बहना, लाड़ली लक्ष्मी, सुकन्या योजना एवं लखपति दीदी जैसी योजनाओं से महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं। उन्होंने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा कहते हैं कि उनकी चार जातियां हैं। नारी शक्ति, युवा, किसान और गरीब। उन्होंने लक्ष्मी, सरस्वती, पार्वती, देवी गार्गी एवं अनुसुइया के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हम सदैव नारी समाज का सम्मान करते आए हैं। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद समूह सैकड़ों महिलाओं की विश्वास दिलाते हुए कहा कि जहां भी आपको मेरी आवश्यकता होगी, मैं सदैव आपके सहयोग के लिए तत्पर रहूंगा। मेरे भैया स्व. लक्ष्मीकांत शर्मा ने भी आपकी तरक्की उन्नति के लिए एक सच्चे सेवक की तरह इस क्षेत्र में काफी काम किया। उनकी ही तरह में भी जब तक जिऊंगा, सिरोंज-लटेरी की सेवा करूंगा और मरूंगा भी तो सिरोंज-लटेरी क्षेत्र के कल्याण के लिए। कार्यक्रम का संचालन संचालन सतीश श्रीवास्तव एवं आभार जनपद सीईओ आशीष अग्रवाल ने व्यक्त किया। नपाध्यक्ष मनमोहन साहू,, एसडीएम हरिशंकर विश्वकर्मा, जनपद सीईओ आशीष अग्रवाल, आजीविका ब्लॉक प्रबंधक सतेंद्र श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में आजीविका दीदियां उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में किशोरी बालिका साधना शाक्य ने विधायक उमाकांत शर्मा का स्वयं निर्मित चित्र भेंट किया, जिस पर विधायक ने बालिका का सम्मान किया एवं सिद्धीकगंज से आई आजीविका दीदी लीला बाई ने अपने हाथों से बनाई गणेश जी भेंट किये। रामसुखी बाई ने ड्रेस के बचे कपड़ों से निर्मित विभिन्न उत्पाद प्रस्तुत किए। अन्य दीदियों द्वारा बनाए गए स्वनिर्मित उत्पाद भी विधायक जी को भेंट किए गए।

### एसडीओ श्रुतिका का समाज ने किया सम्मान

**जागरण, इटारसी।** नर्मदांचल चौरिया कुर्मी समाज सेवा समिति, जिला नर्मदापुरम ने एक कार्यक्रम आयोजित कर समाज की श्रुतिका चौरे पिता जेएल चौरे का आत्मीय अभिनंदन किया। श्रुतिका चौरे का चयन मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग में किया है। वर्तमान में वे अनुविभागीय अधिकारी के पद पर मुलताई, जिला बैतूल में पदस्थ हैं। उपलब्धि को समाज के लिए प्रेरणादायी मानते हुए उन्हें सम्मानित किया।


# जागरण विदिशा

विदिशा, 12 फरवरी 2026 शमशाबाद, कुरवाई, ग्यारसपुर www.dainikjagranmpcg.com


### मंडी में 17 हजार 446 क्विंटल अनाज की आवक

**जागरण विदिशा।** बुधवार को अनाज मंडी 17 हजार 446 क्विंटल अनाज की आवक रही। इस दौरान सर्वाधिक 9 हजार 966 क्विंटल धान की आवक रहा। जो कि 1540 रुपए से लेकर 4380 रुपए क्विंटल तक बिकी। इसी तरह चने के भाव 3851 से 5636 रुपए क्विंटल रहे। वहीं मसूर 5400 से 6000 के भाव बिकी। इसी तरह सोयाबीन 1550 से 5900 रुपए क्विंटल के भाव वहीं गेंहू 2000 से 3200 के भाव रहा और करीब 630 किसानों ने अपने अनाज का बिक्रय किया।

## न्यूज कार्नर

### प्रदेश को कर्ज के दलदल में धकेल रही है भाजपा सरकार: अवस्थी

**जागरण विदिशा।** जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अरुण अवस्थी ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी की सरकारों ने मध्य प्रदेश को कर्ज़ प्रदेश बना दिया है। भारतीय रिज़र्व बैंक की ताज़ा रिपोर्ट का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश पर 5 लाख करोड़ रुपये से अधिक का कर्ज़ हो चुका है, जो देश के कुल कर्ज़ का लगभग 5 प्रतिशत हिस्सा है। अवस्थी ने कहा कि भाजपा सरकार ने जिस रफ्तार से प्रदेश को कर्ज़ के बोझ तले दबाया है, वह बेहद चिंताजनक है। वर्ष 2007 में मध्यप्रदेश पर लगभग 52 हजार करोड़ रुपये का कर्ज़ था , जो अब बढ़कर 5 लाख करोड़ रुपये की सीमा पार कर चुका है। यह वृद्धि इस बात का प्रमाण है कि वित्तीय प्रबंधन पूरी तरह विफल रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार जनहित के कार्यों की बजाय इवेंटबाज़ी और फिजूलखर्ची पर सरकारी खजाना लुटा रही है। प्रदेश में बुनियादी सुविधाओं की हालत बदहाल है। कहीं कफ सिरप में ज़हर की घटनाएं सामने आती हैं, तो कहीं विषाक्त जल से लोगों की जान जा रही है, लेकिन सरकार इन गंभीर मुद्दों पर ठोस कदम उठाने के बजाय प्रचार.प्रसार में व्यस्त है। अवस्थी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी पहले भी सरकार को प्रदेश की गिरती राजकोषीय स्थिति को लेकर आगाह कर चुकी है। उन्होंने मांग की कि सरकार अपनी वित्तीय नीतियों की गंभीर समीक्षा करे और जनहित को प्राथमिकता देते हुए कर्ज़ कम करने एवं बुनियादी सुविधाओं पर निवेश बढ़ाने की दिशा में ठोस कदम उठाए। उन्होंने कहा कि यदि यही स्थिति बनी रही तो आने वाली पीढ़ियों पर भारी आर्थिक बोझ पड़ेगा, जिसकी जिम्मेदारी भाजपा सरकार की होगी।

### नगद इनाम की घोषणा

**विदिशा।** पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के द्वारा थाना दीपनाखेडा में दर्ज अपराध क्रमांक 19द2026 की विभिन्न धाराओं का फरार अज्ञात आरोपी की सूचना देने वालों को दस हजार रूपए की नगद राशि देने की उद्घोषणा की है। सूचनाकर्ता चाहे तो उसका नाम गोपनीय रखा जाएगा।

### चार माह और टल गए तो फिर आ जाएगी बारिश, सड़कों सहित कई निर्माण कार्यों पर लग सकता है ग्रहण

# बात तो नई सड़कों को बनाने की हुई थी फिलहाल अभी चल रही सड़कों की खुदाई



जागरण विदिशा

नगरपालिका की गतिविधियां जितनी अधिक विवादों में रही उतना अधिक अगर विकास कार्यों पर केंद्रित होती तो इन चार वर्षों में शहर की कायाकल्प हो जाती। परिषद के करीब 4 वर्ष बीतने को है और इसके बाद भी शहर में सड़कों जैसी बुनियादी सुविधाएं अभी पूरी तरह दुरुस्त नहीं हो सकी है। पिछले दो दिन पूर्व ही नपा परिषद की बैठक में शहर में तमाम सड़कों के निर्माण कार्य की प्रस्ताव पास हुए इससे नई सड़कों की उम्मीदें जागी थी। बात नई सड़कों के निर्माण की थी, लेकिन अभी तो सड़कों की खुदाई बंद नहीं हो रही है और इसी तरह अगर 4 माह और टल गए तो बारिश में सड़कों के निर्माण सहित अन्य कार्यों में बाधा आ सकती है। ऐसे में नागरिकों की यह अपेक्षा बढ़ गई है कि सड़क खुदाई का कार्य शीघ्रता से पूरा कर अब सड़क निर्माण पर ध्यान दिया जाना चाहिए।

मालूम हो कि शहर में फिलहाल जयस्तंभ बजरिया, खाई रोड से बड़ा बाजार, बड़ा बाजार से तिलक चौक, तिलक चौक से कागदीपुरा एवं कागदीपुरा से शहीद ज्योति स्तंभ तक सड़क की खुदाई का कार्य होना है। इसमें सड़कों की खुदाई का यह कार्य अब कागदीपुरा में जारी है। पहले से ही यह सड़कें काफी खराब थी और इस खुदाई से सड़कों की हालत और भी अधिक खराब हो गई है। सड़कों पर खुदाई का मलबा जहां वाहनों के आवागमन में मुश्किल पैदा कर रहा वहीं वाहन निकाल पाना भी आफत बना हुआ है। बताते हैं कि खुदाई का यह कार्य नई पेयजल पाइप लाइन के लिए किया जा रहा है। शहर में सड़कों के हालात देखें तो कई प्रमुख सड़कें बुरी तरह उखड़ चुकी है। माधवगंज से नपा कार्यालय मार्ग, बरईपुरा रीठा फाटक से बजरिया मार्ग, बड़ा बाजार से बक्सरिया मार्ग, बजरिया रामलीला मार्ग के अलावा शहर की टीलाखेड़ी क्षेत्र की कई सड़कें, अरिहंत विहार कॉलोनी की अंदरूनी सड़कें, ब्लाक कॉलोनी सिंह वाहिनी मंदिर मार्ग कपूर गार्डन से बायपास जोड़ तक आदि कई सड़कों की हालत खराब है जिनका कार्य शीघ्रता से पूरा करने की जरूरत नागरिक महसूस कर रहे हैं।

### सड़क निर्माण में नपा के सतत प्रयास जारी

इधर नपा सूत्रों की मानें तो शहर में सड़कों के निर्माण कार्य के प्रति नगरपालिका पूर्व से ही गंभीर रही है। पिछले वर्षों में अधिकांश वार्डों में सीसी रोड का निर्माण कराया गया है। ऐसे कई क्षेत्र जहां वर्षों से सड़कें नहीं थी। उन सड़कों को प्राथमिकता से बनाया गया है। नाले-नालियों के भी तमाम कार्य कराए गए हैं और अभी भी समय-समय पर सड़कों के निर्माण कार्य के लिए भूमिपूजन किए गए हैं। माधव उद्यान के सामने की सीसी सड़क बनवाई गई, बाल विहार के पास सीसी सड़क बनी, बाल विहार के पीछे की ओर की सड़क जो पुराना अस्पताल मार्ग से जुड़ी है। उस सड़क को बनवाया गया। इस तरह तमाम सड़कें नपा द्वारा बनवाई गई और लोगों को राहत मिली है। हाल ही परिषद की बैठक में शहर के लगभग सभी वार्डों में जहां सड़कों की हालत खराब है उन सभी सड़कों का निर्माण कार्य शीघ्रता से शुरू कराया जाएगा।



**जागरण विदिशा।** इस हाल में हैं शहर की कई सड़कें।

### वह तो भला हो केंद्रीय मंत्री गडकरी का

नागरिकों कहना तो यही कि यह तो भला हो केंद्रीय केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का जिनका जनवरी माह में विदिशा आगमन हुआ और उनके आगमन के कारण उनके रो-शो के चलते कुछ सड़कों की रातों रात कायाकल्प हो गई और लोग राहत महसूस कर रहे हैं। गुलाबवाटिका से डंडापुरा, बड़ाबाजार, तिलक चौक सहित शहर में बाजार का मुख्य मार्ग की कायाकल्प हो गई और लोग राहत महसूस कर रहे हैं। नागरिकों का कहना है कि उनका रोड से में अन्य मार्ग भी शामिल हो जाते तो अन्य मार्गों की सेहत भी सुधर सकती थी, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। अब जिन सड़कों के निर्माण की उम्मीदें हैं अगर उन सड़कों पर खुदाई का कार्य इसी तरह जारी रहा और निर्माण कार्य में गति नहीं आई तो कई सड़कें परिषद के कार्यकाल में बनने से रह जाने की आशंका बनी रहेगी।

### इनका कहना है

शहर में पानी की पुरानी पाइप लाइन के स्थान पर दो किमी नई पाइप लाइन डलना है। इसके लिए कुछ क्षेत्र में सड़कों को खोदा गया है। शहर के अन्य क्षेत्रों में यह नई पाइप लाइन डाली जा चुकी इसमें करीब दो किमी का यह क्षेत्र शेष रह गया था। पाइप लाइन का यह कार्य करीब दो माह में पूरा कर लिया जाएगा।

**रामप्रकाश जायसवाल**
**सब इंजीनियर एवं जल व्यवस्था प्रभारी, नपा**

## अवैध फड़ पर मंडी व खाद्य विभाग की कार्रवाई 33 क्विंटल गेंहू सहित अन्य उपज जब्त

जागरण विदिशा

जिला आपूर्ति अधिकारी अनिल तंतुवाय ने बताया कि कृषि उपज मंडी समिति विदिशा तथा खाद्य विभाग विदिशा के संयुक्त दल द्वारा सम्राट होटल के सामने बस स्टैंड के निकट संचालित एक फड़ का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मंडी अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए संबंधित फड़ संचालक गजाधर गुप्ता निवासी स्वर्णकार कॉलोनी विदिशा के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया गया।

मौके पर लगभग 33 क्विंटल गेहूं, लगभग 2 क्विंटल धान एवं करीब 40 किलोग्राम चना पाया गया। इन कृषि उपजों पर बाजार मूल्य के आधार पर पांच गुना मंडी शुल्क एवं निराश्रित शुल्क वसूला गया। कार्रवाई के अंतर्गत दंडात्मक मंडी शुल्क के रूप में 4 हजार 525 रुपए दंडात्मक निराश्रित शुल्क के रूप में 905 रुपए तथा प्रशमन शुल्क 500 रुपए सहित कुल 5 हजार 930 रुपए की वसूली की गई। इसके अतिरिक्त खाद्य विभाग की जांच टीम को संबंधित फड़ पर 2.52 क्विंटल फोर्टीफाइड कर्नेल युक्त चावल भी मिला, जिसे खाद्य विभाग द्वारा जब्त कर लिया गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बिना अनुमति अवैध रूप से कृषि उपज क्रय.विक्रय करने वालों के विरुद्ध इसी प्रकार की सख्त कार्रवाई सतत जारी रखने हेतु निर्देशित किया गया है।

## शूटिंग बॉल वर्ल्ड कप विजेता इशिका का विधायक ने किया सम्मान

### खेल के लिए हर संभव मदद का टंडन ने दिया आश्वासन

जागरण विदिशा।

शूटिंगबॉल वर्ल्ड विजेता इशिका मीना का विधायक मुकेश टंडन द्वारा पुष्पमालाओं एवं स्मृति.चिह्न भेंट कर वी टीच कॉन्वेंट स्कूल में भव्य सम्मान किया गया। इस अवसर पर विधायक मुकेश टंडन ने इशिका मीना की उपलब्धि को पूरे जिले और प्रदेश के लिए गौरव का विषय बताया और कहा कि इशिका जैसी प्रतिभाशाली खिलाड़ी युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। उन्होंने बच्चों से कहा कि आप लोग कितने भाग्यशाली हो की आप को सिखाने के लिए अंतराष्ट्कीय स्तर की खिलाड़ी मिली हैं। आप सभी मेहनत से खेलों में ध्यान दो।



विधायक मुकेश टंडन ने कहा कि इशिका ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर न केवल विदिशा, बल्कि पूरे देश का नाम रोशन किया है। उन्होंने आश्वस्त किया कि भविष्य में इशिका के लिए बेहतर प्रशिक्षण के लिए यदि किसी भी प्रकार की फाइनेंशियल हेल्प की आवश्यकता होगी, तो वह स्वयं आगे आकर सहयोग प्रदान करेंगे। खेल संबंधी चाहे वह ग्राउंड की व्यवस्था हो, प्रशिक्षण की सुविधा हो अथवा राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में सहभागिता कृ हर संभव सहयोग उनके द्वारा इशिका की टीम को सहायता कराई जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि इस संबंध में वे पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से चर्चा कर आवश्यक सहयोग सुनिश्चित करेंगे। ताकि प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के पर्याप्त अवसर प्राप्त हो सकें।

विधायक मुकेश टंडन इशिका मीना के निवास पर भी पहुंचे। जहां उन्होंने इशिका एवं उनके परिवार से मुलाकात कर उन्हें आगे के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

## आधार अपडेशन: जमीनी स्तर पर हितग्राहियों के कागजों में हैं कई प्रकार की गलतियां

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर से की समय सीमा बढ़ाने की मांग

जागरण विदिशा

इन दिनों आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं में आधार अपडेशन के कार्य को लेकर अंसतोष देखा जा रहा है। इसी को लेकर बुधवार को बड़ी संख्या में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता कलेक्टर कार्यालय पहुंचीं और अपनी समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। उन्होंने आधार अपडेट के लिए अतिरिक्त समय की मांग की है। कार्यकर्ताओं ने बताया कि विभाग ने लगभग डेढ़ से दो माह पहले ऐप के माध्यम से हितग्राहियों के आधार कार्ड अपडेट करने के निर्देश दिए थे। हालांकि जमीनी स्तर पर कई हितग्राहियों के आधार कार्ड अभी तक बने ही नहीं हैं। कुछ आधार कार्डों में जन्मतिथि में त्रुटियां हैं, तो कुछ के जन्म प्रमाण पत्र में माता–पिता की जानकारी गलत दर्ज है। इसके अतिरिक्त, कई हितग्राहियों के पास आवश्यक दस्तावेज या डिजिटल प्रमाण पत्र भी उपलब्ध नहीं हैं। इन समस्याओं के कारण आधार बनवाने और अपडेट करने की प्रक्रिया में काफी लंबा समय लग रहा है, जिससे निर्धारित समय.सीमा में कार्य पूरा करना मुश्किल हो रहा है।



जिला कार्यक्रम अधिकारी डीपीओ ने भी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की थी। इस बैठक में उन्होंने तीन दिन के भीतर हितग्राहियों के आधार कार्ड बनवाने और अपडेट करने के निर्देश दिए। साथ ही समय पर कार्य पूरा न होने पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता गीता चिढ़ार ने बताया कि जिन कार्यकर्ताओं का 50 प्रतिशत से कम आधार अपडेट कार्य हुआ है, उन्हें कार्यालय बुलाया गया था। बैठक में उन्हें तीन दिन के भीतर शत.प्रतिशत आधार अपडेट पूरा करने के निर्देश दिए गए। चेतावनी दी गई कि समय.सीमा में कार्य पूर्ण नहीं होने पर सेवा से पृथक करने की कार्रवाई की जा सकती है। कार्यकर्ताओं का तर्क है कि आधार कार्ड बनने में ही लगभग एक माह या उससे अधिक समय लग जाता है। ऐसे में तीन दिन की मोहलत में शत.प्रतिशत कार्य पूरा करना संभव नहीं है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि जमीनी हकीकत को ध्यान में रखते हुए समय.सीमा बढ़ाई जाए, ताकि बिना दबाव के व्यवस्थित रूप से कार्य पूर्ण किया जा सके।

कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर कार्यकर्ताओं ने अधिकारियों से अनुरोध किया कि उन पर अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के बजाय पर्याप्त समय और तकनीकी सहयोग प्रदान किया जाए। अधिकारियों ने कार्यकर्ताओं की समस्याओं पर विचार कर उचित समाधान का आश्वासन दिया है।

### दामिनी और सिमरन का महाविद्यालय में स्वागत

जागरण विदिशा

शासकीय गर्ल्स कॉलेज की एनसीसी कैडेट्स ने जिले और महाविद्यालय का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आयोजित गणतंत्र दिवस परेड में शामिल होकर लौटने पर एनसीसी कैडेट सार्जेंट दामिनी विश्वकर्मा एवं एलसीपीएल सिमरन अहिरवार का महाविद्यालय परिसर में भव्य स्वागत किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ बी.डी. अहिरवार, वरिष्ठ प्राध्यापक नीता पांडेय, रसायन शास्त्र विभागाध्यक्ष प्रोफेसर नीता दीक्षित, प्रोफेसर रवि रंजन, डॉ. मनोज अहिरवार, एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. विनीता प्रजापति, महाविद्यालय स्टाफएवं एनसीसी कैडेट्स की उपस्थिति में दोनों कैडेट्स का पुष्पहार पहनाकर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर सभी ने मिठाई खिलाकर खुशी व्यक्त की और उनकी उपलब्धि पर बधाई दी। प्राचार्य डॉ. बीडी अहिरवार ने कहा कि यह महाविद्यालय के लिए अत्यंत गौरव का विषय है कि यहां की छात्राएं देश की सबसे प्रतिष्ठित गणतंत्र दिवस परेड में लगातार सहभागिता कर महाविद्यालय को सम्मान दिला रही हैं।

## नागरिकों की समस्याएं सुनने एसपी ने की जनसुनवाई, 65 शिकायतों को किया हल

जागरण विदिशा

आम नागरिकों की शिकायतों के त्वरित पारदर्शी एवं निष्पक्ष निराकरण के उद्देश्य से बुधवार को जिला मुख्यालय स्थित सामुदायिक भवन पुलिस लाइन में एक दिवसीय जिला स्तरीय सीएम हेल्पलाइन जन शिकायत निवारण शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी की उपस्थिति में हुआ। शिविर में जनवरी 2026 ग्रेडिंग माह एवं 50 दिवस से अधिक समय से लंबित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की प्राथमिकता के आधार पर समीक्षा की गई। जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए 80 आवेदकों की शिकायतें विस्तार से सुनी गईं, जिनमें से 65 शिकायतों का मौके पर ही संतोषजनक समाधान कर दिया गया। शेष शिकायतों के त्वरित एवं समयबद्ध निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट एवं आवश्यक निर्देश दिए गए।



पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने स्वयं उपस्थित होकर फरियादियों से सीधा संवाद किया, उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा संबंधित अधिकारियों को वैधानिक, निष्पक्ष एवं पारदर्शी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने नागरिकों को आश्वस्त किया कि पुलिस प्रशासन प्रत्येक शिकायत के समाधान के प्रति संवेदनशील एवं प्रतिबद्ध है तथा सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण प्राथमिकता रहेगा। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉण् प्रशांत चौबेए नगर पुलिस अधीक्षक अतुल सिंह, एसडीओपी लटेरी अमरेश बोहरे, एसडीओपी कुरवाई रोशनी सिंह सहित जिले के समस्त थानाध्चौकी प्रभारी एवं अधिकारी–कर्मचारियों ने भी सक्रिय रूप से शिकायतकर्ताओं की समस्याएं सुनीं तथा कई प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण सुनिश्चित किया। अधिकारियों द्वारा गंभीर प्रकरणों में आवश्यक दिशा.निर्देश प्रदान करते हुए समयबद्ध कार्रवाई का आश्वासन दिया गया।

## समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन का पंजीयन प्रारंभ, 7 मार्च तक चलेगा अभियान

**जागरण कुरवाई।** शासन के निर्देशानुसार रबी विपणन वर्ष 2026–27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए किसानों का पंजीयन कार्य प्रारंभ हो गया है, जो 7 मार्च तक जारी रहेगा। खाद्य आपूर्ति अधिकारी वैशाली दांगी ने जानकारी देते हुए बताया कि किसानों की सुविधा के लिए कुल 16 पंजीयन केंद्र स्थापित किए गए हैं, जहां निर्धारित प्रक्रिया अनुसार निःशुल्क पंजीयन किया जाएगा। तहसील कुरवाई में पंजीयन केंद्रों की संख्या 12 हैं एवं पठारी में 4 केंद्र है।

निर्धारित शासकीय पंजीयन केंद्रों के अलावा किसान एप्प, उच ऑनलाइन कियोस्क, पंजीकृत वेब सेंटर, लोक सेवा केंद्र एवं साइबर कैफे के माध्यम से सशुल्क पंजीयन भी करवा सकते हैं। आपूर्ति अधिकारी ने सभी केंद्र प्रभारियों को शासन निर्देशानुसार आवश्यक भौतिक एवं मानव संसाधनों की व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए अधिक से अधिक प्रचार–प्रसार करने तथा समयसीमा में अधिकतम किसानों का पंजीयन पूर्ण कराने के निर्देश दिए हैं। किसानों से भी अपील की गई है कि पंजीयन के समय दी गई समस्त जानकारी का सावधानीपूर्वक मिलान कर लें, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की असुविधा न हो। रबी विपणन वर्ष 2026–27 समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन हेतु किसान पंजीयन प्रारंभ 7 मार्च तक चलेगा ।

पंजीयन की प्रमुख शर्तें व प्रक्रिया इस प्रकार हैं जिसमें सिकमी बटाईदार किसानों का पंजीयन मूल भू.स्वामी के आधार नंबर पर ओटीपी सत्यापन के बाद ही किया जाएगा। सिकमी.बटाईदार अनुबंध को ई.उपार्जन पोर्टल पर अपलोड करने के बाद ही पंजीयन पूर्ण माना जाएगा। वनाधिकार पट्टाधारी किसानों के लिए वन पट्टा तथा सिकमी, बटाईदार किसानों के अनुबंध 2 फरवरी 2026 से पूर्व पंजीकृत होना अनिवार्य है तभी वे मान्य होंगे। पंजीयन के समय किसान को भूमि संबंधी दस्तावेज, सिकमी .बटाई अनुबंध, कोटवार प्रमाण, वन पट्टा जहां लागू, आधार कार्ड एवं अन्य फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

### जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक, वन अपराधों पर अंकुश लगाने लिये गए महत्वपूर्ण निर्णय

## अवैध कटाई रोकने बनी रणनीति, संवेदनशील मार्गों पर होगी धरपकड़

जागरण विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक हुई। जिसमें जिले में वन अपराध, अतिक्रमण एवं अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण के संबंध में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने संवेदनशील क्षेत्रों की स्थिति की समीक्षा कर संयुक्त कार्ययोजना तय की। वन मंडलाधिकारी हेमन्त यादव ने जानकारी दी कि सिरोंज परिक्षेत्र में चिन्हित सभी अतिक्रमण स्थलों से अतिक्रमण हटा दिया गया है। मुक्त कराई गई भूमि पर वृक्षारोपण हेतु परियोजना प्रस्ताव स्वीकृति के लिए भेजे जा चुके हैं। टास्क फोर्स ने वन विभाग की त्वरित कार्यवाही की सराहना करते हुए वृक्षारोपण कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने अवैध उत्खनन रोकने हेतु मार्गों पर सीपीटी ट्रेंच खोदने के निर्देश दिए। इस पर वन मंडलाधिकारी ने बताया कि क्षेत्र में अधिक मात्रा में मिट्टी होने से ट्रेंच आसानी से भर दी जाती है इसलिए चैनलिंक बाउंड्री प्रोजेक्ट अधिक प्रभावी रहेगा। समिति ने इस सुझाव पर सहमति व्यक्त की।



गूगल अर्थ इमेजरी के माध्यम से अवैध कटाई के संवेदनशील मार्गों का विश्लेषण किया गया। नदी पार करने वाले चोर रास्तों और मुख्य मार्गों पर निगरानी बढ़ाने तथा वाहनों की धरपकड़ के लिए रणनीति बनाई गई। अवैध कटाई और परिवहन में चोरी की मोटरसाइकिलों के उपयोग पर चर्चा हुई। पुलिस अधीक्षक द्वारा ऐसे वाहनों की धरपकड़ हेतु संयुक्त छापामार कार्रवाई पर सहमति दी गई। अंतर्जिला समन्वय के तहत राजगढ़ से पुलिस बल एवं गुना से वन अमले की उपलब्धता सुनिश्चित कर संयुक्त अभियान चलाने की योजना बनी।

बैठक में स्पष्ट किया गया कि वन एवं राजस्व भूमि की सुरक्षा हेतु सभी विभाग समन्वित रूप से कार्य करेंगे और अवैध गतिविधियों पर सख्ती जारी रहेगी। कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में संपन्न हुई इस बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे वहीं खंड स्तरीय अधिकारियों से विडियो कांफ्रेंस के माध्यम से संवाद कर आवश्यक कार्रवाई संपादन के संदर्भ में आवश्यक दिशा.निर्देश दिए गए हैं।

### जिन भूमियों को कराया खाली वहां पौधरोपण की तैयारी

डीजीएम विद्युत विभाग ने अतिक्रमणकारियों की अद्यतन सूची की मांग की। ताकि विद्युत विच्छेदन की कार्रवाई की जा सके। कलेक्टर गुप्ता ने निर्देश दिए कि अतिक्रमित क्षेत्रों में शासकीय सड़क निर्माण की स्थिति का भी परीक्षण किया जाए। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने निर्देश दिए कि अवैध हथियारों के साथ पकड़े जाने पर आर्म्स एक्ट की धारा के तहत सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उत्तर लटेरी रेंज में खड़ी फसल हटाने व अतिक्रमण बेदखली की कार्रवाई निरंतर जारी रखने पर सहमति बनी। शिकार के प्रकरणों में वन विभाग की कार्यवाही की सराहना की गई तथा ऐसे अपराधियों पर कड़ी निगरानी रखने का निर्णय लिया गया। साथ ही बेदखल क्षेत्रों में पुनः अतिक्रमण रोकने हेतु वृक्षारोपण योजना तैयार करने पर चर्चा की गई।


दो ट्रेक्टर बेंचना है
NEW HOLLAND 3630
MP40 ZG 7251 Model 2024
TAFE/241DI 41HP
MP40 AC 2803 Model 2019
पता- सुंदरम फाइनेंस लिमिटेड
कृपा राम हॉस्पिटल के पास टीव्हीएस शोरूम के पास, बरेठ रोड गंजबासौदा
मोबा. 9425605274
फोन: 07594-220504